नई दिल्ली
सोमवार, 25 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 131
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 22

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आईबी में करीब 30 साल तक सेवाएं दीं

## आईपीएस अनीश दयाल बनाए गए डिप्टी एनएसए



**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया गया है और उन्हें आंतरिक मामलों को संभालने का दायित्व सौंपा गया है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नेतृत्व करने से पहले, उन्होंने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में लगभग 30 वर्षों तक ▸▸ शेष पेज 5 पर



डीआरडीओ ने बनाया स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम, ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का पहला परीक्षण सफल

# भारत के दुश्मन हवा में उड़ जाएंगे, मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में 'बड़ी' सफलता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सैन्य क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में मल्टिलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीओ ने ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस की पहली उड़ान का सफल परीक्षण किया।

यह परीक्षण दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। इस परीक्षण में मिसाइलों को लक्ष्य के पीछे उड़ाया गया और मिसाइलें अपने लक्ष्य को हवा में ही मार गिराने में सफल रहीं। यह एक बहु-स्तरीय वायु ▸▸ शेष पेज 5 पर



### क्या है आईएडीडब्ल्यूएस ?

डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) एक ऐसा हथियार है जो लेजर जैसी ऊर्जा का उपयोग करता है। यह हवा में दुश्मन के फाइटर जेट और मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और इसे विकसित करने वालों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित करता है।

### कितना मजबूत है भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम?

भारतीय वायु रक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे उन्नत और मजबूत प्रणालियों में से एक है, जो हवाई खतरों जैसे बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, ड्रोनों और हेलिकॉप्टरों से रक्षा करने में सक्षम है। यह मल्टी-लेयर्ड सिस्टम विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न होने वाले खतरों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। भारत का वायु रक्षा तंत्र उन्नत रडार, मिसाइल सिस्टम, और कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटरों के एकीकृत नेटवर्क पर आधारित है, जो इसे अत्यंत प्रभावी बनाता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज और कल गुजरात दौरे पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क, और रेलवे से जुड़े कार्य शामिल हैं।

### फिर ठप हुई एयरटेल की सर्विसेज, यूजर्स परेशान



**नई दिल्ली।** एयरटेल की सर्विसेज देशभर में एक बार फिर से डाउन हो गई हैं। लोग न वॉयस कॉलिंग कर पा रहे हैं और न ही इंटरनेट चला पा रहे हैं। घरों में लगे ब्रॉडबैंड भी अचानक बंद हो गए, जिससे लोगों को काम करने में समस्या का सामना करना पड़ा। देश के कई इलाकों के यूजर्स इस आउटेज से प्रभावित हुए हैं।

### अनिल अंबानी का अकाउंट फ्रॉड घोषित



**मुंबई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसमें कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी शामिल है।

नई दिल्ली में अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन 2025 का केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

# बिना 'सार्थक' वाद विवाद के विधानसभाएं 'निर्जीव'

जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, इसके भयंकर परिणाम देखने पड़े

*अमित शाह ने कहा कि हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो*



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद और विधानसभाएं लोकतंत्र की असली ताकत हैं। जब सदन में रचनात्मक चर्चा होती है और कानून बनाए जाते हैं, तभी देश की दिशा और आने वाला कल तय होता है। लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र विपक्ष के विरोध के चलते बार-बार बाधित हुआ और सत्र के दौरान काफी कम काम हुआ।

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित बहस या चर्चा होती है, तो इससे राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र में बहस होनी ही चाहिए। लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक ▸▸ शेष पेज 5 पर




### संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं

शाह ने कहा कि संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं हैं। अगर इनमें भावनाओं और सार्थक चर्चा का अभाव हो जाए तो ये भवन बेमायने हो जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूरे सत्र को बाधित करना लोकतंत्र के लिए सही परंपरा नहीं है। प्रतीकात्मक विरोध का महत्व है, लेकिन लगातार कामकाज ठप करना देशहित के खिलाफ है।

### लाइब्रेरी के महत्व पर भी दिया जोर

अमित शाह ने इस मौके पर संसदीय नियमों के बेहतर इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तर, विशेष चर्चा, विश्वास प्रस्ताव, बजट बहस और प्राइवेट मेंबर बिल जैसे प्रावधानों का पूरा उपयोग होना चाहिए। इसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### गृह मंत्री ने विट्ठलभाई पटेल को किया याद

गृह मंत्री ने आजादी के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि 'यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता परिवर्तन के दौरान खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है।' शाह ने संसद के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि '100 साल पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई।' शाह ने कहा कि 'अगर देश को आजादी दिलाना अहम था तो लोकतंत्र की स्थापना और विधायी प्रक्रियाओं की स्थापना भी उतनी ही महत्वपूर्ण काम है।' विट्ठलभाई पटेल ने कठिन समय में भी लोकतंत्र की स्थापना ▸▸ शेष पेज 5 पर

निक्की मर्डर केसः आरोपी पति का एनकाउंटर, पैर में गोली लगी

# दहेज के लिए पत्नी की जिंदा जलाकर हत्या की

एनकाउंटर के बाद बोला पति मुझे कोई पछतावा नहीं





एजेंसी ▸▸ नोएडा

ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है। वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं, जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में लग गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। निक्की की सास दयावती जिम्स अस्पताल के पास से पकड़ी गई है। उधर विपिन को भी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ससुराल वालों ने मांगे थे 35 लाख

कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित और उसके भाई विपिन से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपए की मांग करने लगे। निक्की के पिता ने कहा कि विपिन को फांसी की सजा मिले।

एडीसीपी ने कहा

### हमने थिनर की बोतलें बरामद कर ली हैं

एडीसीपी सुधीर कुमार ने कहा कि हमने बोतलें बरामद कर लीं, लेकिन उसी दौरान विपिन ने इंस्पेक्टर की पिस्तौल छीन ली और भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने उसे घेर लिया, तो उसने हम पर गोली चलाने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई और गोली उसके पैर में लगी।

बिहार एसआईआर में हुआ खुलासा

## वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम, जांच शुरू



▪ भारतीय आधार कार्ड बना डाला

**नई दिल्ली।** बिहार के भागलपुर से एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दो पाकिस्तानी महिलाओं का नाम राज्य की वोटर लिस्ट में पाया गया है। इसकी पुष्टि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान की गई है। गृह मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है और उसका नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों महिलाएं बुजुर्ग हैं और ठीक से बोल नहीं पातीं। बूथ लेवल ऑफिसर फरजाना खानम ने कहा कि मैंने एसआईआर के जरिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

## 'लाडकी बहिन योजना' के अवैध दावेदारों पर गिरेगी गाज

एजेंसी ▸▸ नागपुर



▪ सीएम बोले- 26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार कुछ लोगों द्वारा 'लाडकी बहिन योजना' के तहत अवैध रूप से लिए जा रहे लाभों पर रोक लगाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कथित तौर पर मासिक लाभ का दावा करने वाली 26 लाख से अधिक लाभार्थियों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, कुछ लोग अवैध तरीके से योजना का लाभ उठा रही हैं ▸▸ शेष पेज 5 पर

2 बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़

## 30 करोड़ की हेरोइन और मारिजुआना जब्त, 3 दबोचे



▪ दिल्ली एयरपोर्ट और नंद नगरी के मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक साथ दो बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। कस्टम विभाग और दिल्ली पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में कुल 30 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन और मारिजुआना बरामद की गई है। दोनों मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक यात्री दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पकड़ा गया, जबकि दो महिलाओं को नंद नगरी इलाके से हिरासत में लिया गया ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने किया सन्यास का ऐलान

# गंभीर ने कहा- जब तूफान आया तब भी वे डटे रहे

बोले- कहा जाता है हर एक अच्छी चीज का एक अंत होता है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टीम के महान बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी।

पुजारा ने लिखा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना, और हर बार मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना... इसे शब्दों में बयां करना नामुमकिन है कि यह कितना खास था, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, हर अच्छी चीज का एक अंत होता है, और अत्यंत आभार के साथ मैं यह घोषणा करता हूं कि मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर

पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और पांच वनडे खेले। टेस्ट में उन्होंने 176 पारियों में 43.61 की औसत से 7195 रन बनाए। इनमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रन का रहा वहीं, वनडे में उन्होंने 39.24 की औसत से 51 रन बनाए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रेमानंद महाराज को दिया चैलेंज

# अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि वे प्रेमानंद महाराज को चमत्कारी संत नहीं मानते। रामभद्राचार्य ने उन्हें खुला चैलेंज देते हुए कहा कि अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो उनके सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं। या वे मेरे कहे गए संस्कृत श्लोकों का अर्थ समझा दें। वो तो मेरे बालक के समान हैं। शास्त्र जिसको आए वो चमत्कार है। डायलसिस के ऊपर वो जी रहे हैं। मैं न तो उन्हें विद्वान कह रहा हूं और चमत्कारी। इतनी लोकप्रियता थोड़ी दिनों के लिए ही होती है।

ये लोकप्रियता थोड़े दिन के लिए ही



### कौन हैं प्रेमानंद महाराज?

प्रमानंद महाराज का असली नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे है। इनका जन्म 30 मार्च 1969 को उत्तर प्रदेश के कानपुर के सरसौल गांव में हुआ। इस समय वे वृंदावन में रहते हैं, जहां उन्होंने 2016 में श्री हित राधा केली कुञ्ज ट्रस्ट स्थापित किया। यह तीर्थयात्रियों और जरूरतमंदों को खाना, आवास, चिकित्सा की सेवाएं देता है। उनकी शिक्षाएं भक्ति, गुरु का महत्व, साधारण जीवन, प्रेमपूर्ण सेवा ▸▸ शेष पेज 5 पर

भाजपा विधायकों को तोड़ने के लिए रिश्वत देने की साजिश का लगा था आरोप

# सीबीआई ने लौटाए 2003 के जोगी केस के दस्तावेज, 22 साल पुरानी फाइल हुई बंद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी से जुड़े बहुचर्चित 2003 के कथित घूसकांड का अध्याय अब पूरी तरह क़ानूनन बंद हो गया है। सीबीआई ने इस मामले से संबंधित जब्त दस्तावेज़ जोगी परिवार को आज वापस कर दिए हैं। ये दस्तावेज़ आज उनकी पत्नी एवं पूर्व विधायक डॉ. रेनू जोगी को सौंपे गए।

### क्या था मामला

दिसंबर 2003 में छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल आया था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी और उनके बेटे अमित जोगी पर भाजपा विधायकों को तोड़ने और सत्ता में बने रहने के लिए 45 लाख की रिश्वत देने की साजिश का आरोप लगा। उसी समय भाजपा नेता दिलीप सिंह जूदेव का भी रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया था। इन दोनों घटनाओं ने राजनीति को झकझोर दिया और सीबीआई ने केस दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की।




### लंबा मुकदमा और बरी

करीब 13 साल चली सुनवाई के बाद 2016 में दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत ने अजीत जोगी, अमित जोगी समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने तब कहा था कि सीबीआई पर्याप्त सबूत पेश करने में असफल रही। इसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### अब दस्तावेज़ हुए वापस

*सीबीआई की हालिया चिट्ठी (**RC/PE 6/2003-ACU-V**) में कहा गया है कि जांच के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों की अब आवश्यकता नहीं है। इसलिए इन्हें संबंधित पक्ष को लौटा दिया गया है। आज रविवार को डॉ. रेनू जोगी ने सीबीआई कार्यालय से दस्तावेज़ रिसीव किए और इस पर हस्ताक्षर किए।*

### राजनीतिक महत्व

*यह कदम इस बात का संकेत है कि अब इस मामले की औपचारिक फाइल बंद हो रही है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि यह फैसला जोगी परिवार के लिए बड़ी राहत है। 22 साल पुरानी यह फाइल जिसने छत्तीसगढ़ की राजनीति को रायपुर से दिल्ली तक हिला दिया था, अब पूरी तरह अतीत का हिस्सा बन गई है।*

**खबर संक्षेप**

### पांच करोड़ की हेरोइन के साथ दो महिला सप्लायर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने दो मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद एक बड़े हेरोइन तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया गया है। इनके पास से बरामद हेरोइन की कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गई है। कुल 1,049 ग्राम हेरोइन, एक स्कूटर, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किया गया है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार इस गिरोह की सरगना नंद नगरी निवासी 54 वर्षीय सीमा और शाहदरा में रहने वाली उसकी भाभी (43) हैं। दोनों महिलाओं को 22 अगस्त को जीटीबी अस्पताल के निकट से गिरफ्तार किया गया था। उस समय दोनों नंद नगरी के डी-ब्लॉक में स्थित झुग्गी-बस्ती में हेरोइन पहुंचाने की कोशिश कर रही थी। पुलिस के अनुसार दोनों नीले रंग के स्कूटर पर सवार थीं। स्कूटर को भी जब्त कर लिया गया है।

### एयरपोर्ट पर करीब 25 करोड़ का गांजा जब्त

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री के पास से करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने 'एक्स' लिखा कि 21 अगस्त को सिंगापुर होते हुए बैंकॉक से नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर पहुंचने के बाद एक भारतीय को रोका गया। ड्यूटी पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों ने यात्री के निजी सामान की गहनता से जांच की। यात्री द्वारा ले जाए जा रहे नीले और गहरे भूरे रंग के ट्रॉली बैग की जांच करने पर इसमें काले रंग के 25 पॉलीथीन पैकेट पाए गए, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ था। सीमा शुल्क विभाग के अनुसार ये पैकेट गांजे के हैं, जिसका कुल वजन 24814 ग्राम था। जब इस पदार्थ का परीक्षण किया गया, तो प्रथम दृष्टया यह गांजा ही निकला। इस पदार्थ की कीमत लगभग 24.8 करोड़ रुपये अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आंकी गई है। आरोपी की पहचान विभाग द्वारा उजागर नहीं की गई है।

### द्वारका में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पास सड़क धंसी, यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** द्वारका में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निकट रविवार को सड़क का एक हिस्सा भारी बारिश के बाद हुए जलभराव के कारण धंस गया। इस वजह से इलाके में घंटों तक यातायात बाधित रहा। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को यातायात सुचारू करवाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र में अवरोधक लगा कर इसे चारों ओर से घेर दिया गया था। दिल्ली यातायात पुलिस ने बताया कि क्षति का आकलन करने और मरम्मत कार्य के लिए नगर निकाय एजेंसियों की तकनीकी टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला है कि जलभराव और सतह कमजोर होने के कारण यह सड़क धंस गई।

बवाना इलाके में हुई वारदात

# दो समूहों के बीच झगड़े के बाद शख्स की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के बवाना इलाके में दो समूहों के बीच हुए झगड़े में 29 वर्षीय व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना में दो अन्य लोग घायल हुये हैं। यह वारदात शनिवार रात बवाना इलाके की जेजे कॉलोनी में हुई। घटना के सिलसिले में नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान एक टीम को हमले की सूचना मिली और वह मौके पर पहुंची। पता चला कि तीन लोगों को चाकू मारा गया है। तीनों को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां नियाज नामक शख्स को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो व्यक्तियों 20 वर्षीय तोसीन और 34 वर्षीय निहाल को इलाज के लिए लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल भेजा गया है। जांच के बाद तोसीफ और आरु नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है आपसी रंजिश की वजह से झगड़ा हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की टीम तैनात की गई हैं।



#### चाकू से हमला करने के आरोप में चार नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** गाजीपुर में मोमोज के एक स्टॉल पर हुए झगड़े के बाद शख्स पर चाकू से हमला करने के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। यह घटना 22 अगस्त को सामने आई थी और पीड़ित शख्स की पहचान तुलबहादुर के रूप में हुई थी। इसके सीने के दाहिने हिस्से में चोट आई थी। पुलिस ने बताया कि घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया था और बाद में बेहतर उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था। पुलिस के मुताबिक पीड़ित की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है। मामला दर्ज कर जांच की गई और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों में चार लड़के हमले के बाद भागते हुए दिखाई दिये थे। टीम ने संदिग्धों का पता लगाया और उनमें से एक को कल्याणपुरी से पकड़ा। पूछताछ में उसने तीन अन्य की संलिप्तता का खुलासा किया। बाद में उन सभी को भी पकड़ लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि तुलबहादुर से झगड़ा करने से पहले नाबालिगों ने पास के पेपर मार्केट में शराब पी थी और इसी दौरान एक आरोपी ने अपने साथियों के उकसावे पर चाकू से हमला किया था।

# गुमशुदा युवती की लाश बोरे में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के डाबड़ी थाना क्षेत्र से लापता हुई युवती की बोरे में बंद लाश बरामद हुई है। परिजनों ने रविवार सुबह ही गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। दोपहर बाद शव सड़क किनारे बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार राहगीर ने शव को देखकर सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस हत्यारे और शव को ठिकाने लगाने वाले की तलाश में जुटी है। आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद बारिश के बीच एक राहगीर को रास्ते में तेज दुर्गंध आई। जब आसपास नजर दौड़ाई तो उसे बोरे से लिपटा एक शव नजर आया। उसने फौरन मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि बोरे में एक युवती का शव है। शव करीब दो दिन पुराना माना जा रहा है। मामला युवती के शव से जुड़ा होने के कारण मौके पर सीनियर पुलिस अफसर भी पहुंचे। क्राइम टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस ने जब शव के पहचान की कोशिश शुरू की तो पता चला कि शव रूपा नामक युवती का है। रूपा घरेलू सहायिका के रूप में कार्य करती थी और इलाके में ही रहती थी। पिछले तीन महीने से वह काम नहीं कर रही थी। रूपा 21 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे अपने घर से निकली थी और तब से वापस नहीं लौटी थी। पुलिस के अनुसार घर से निकलने के दौरान वह अपने फोन पर किसी से बात कर रही थी। रूपा के घर वापस नहीं लौटने पर रविवार को ही परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि अभी तमाम कोणों को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन की जा रही है। शव यहां किसने फेंका इसका पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतका के फोन की सीडीआर पर भी काम किया जा रहा है। वह किसके संपर्क में थी इसका खुलासा जल्द होने की बात पुलिस ने की कही है।

# देहात क्षेत्र की बस सेवा बन्द कर यूपी के लिए चल रही डीटीसी की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 131, 136, 135 और 112 पर रात्रिकालीन सेवाएं बंद होने से यात्री परेशान

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। राजधानी दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में जहां लोग आज भी बस सेवा के अभाव में परेशान हैं, वहीं डीटीसी उत्तर प्रदेश के बड़ौत के लिए नियमित बसें चला रही है। दिल्ली देहात के लामपुर बॉर्डर से चलने वाली रूट संख्या 131, घोगा गांव से 136, नरेला टर्मिनल से 135 और शफियाबाद बॉर्डर से 112 - ये सभी नाइट सर्विस बसें पहले जनता की सुविधा के लिए संचालित होती थीं, लेकिन अब इन्हें बंद कर दिया गया है। क्षेत्रीय समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने वाली बांकनेर आरडब्ल्यूए ने सोशल मीडिया पर डीटीसी को ट्वीट कर

यह मामला उठाया तो डीटीसी ने कहा कि आपका निवेदन संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। वहीं, बांकनेर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एस एल खत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार चाहे तो अन्य राज्यों में भी बस सेवाएं दे लेकिन दिल्ली और देहात के यात्रियों की प्राथमिकताओं का भी ध्यान रखें, क्योंकि दिल्ली के मतदाताओं ने वोट करते सरकार बनाई है। रात के समय इन मार्गों पर बस सेवाएं बंद होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों को रात के समय गंतव्य स्थल तक पहुंचने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बताया कि डीटीसी जब भी दिल्ली में बसों की कमी का हवाला देती है, सबसे पहले नरेला, बवाना और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बस सेवाओं में 'कटौती' कर देती है और फिर बाद में सेवाएं बंद कर दी जाती हैं।

#### सीमित संसाधनों का बहाना बनाते हैं डीटीसी अधिकारी

शिकायत करने पर अधिकारी सीमित संसाधनों का बहाना बनाते हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इन्हीं सीमित संसाधनों के बीच दिल्ली से बाहर कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप अंतर्राज्यीय बस अड्डे से बड़ौत (उत्तर प्रदेश) के लिए डीटीसी की बसें नियमित रूप से चलाई जा रही हैं। ग्रामीण यात्रियों का कहना है कि उन्हें दिल्ली के भीतर आने-जाने के लिए रात में बेहद कठिनाई झेलनी पड़ती है। कामकाजी महिलाओं, पार्ट टाइम नौकरी करने वाले विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को मजबूरी में निजी वाहनों या महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

#### स्थानीय यात्रियों को प्राथमिकता की मांग

सामाजिक संगठनों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, दिल्ली सरकार और डीटीसी प्रशासन से मांग की है कि नरेला समेत दिल्ली के सभी ग्रामीण इलाकों में बंद की गई रात्रिकालीन बस सेवाओं को तत्काल बहाल किया जाए और स्थानीय यात्रियों को प्राथमिकता दी जाए। उनका कहना है कि यदि दिल्ली सरकार और डीटीसी वास्तव में "जनसेवा" के लिए काम कर रहे हैं, तो दिल्ली के नागरिकों को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए, न कि बाहर के शहरों को। जनता की अपेक्षा है कि सरकार और डीटीसी प्रशासन तुरंत संज्ञान लेकर ग्रामीणों की इस समस्या पर संज्ञान लेगा।

### 'वोटर अधिकार यात्रा' ने पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक जोश पैदा किया : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बिहार में शुरू की गई 'वोटर अधिकार यात्रा' ने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक नया जोश पैदा किया है। यह कहना है करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। विगत सप्ताह दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली के जिला करावल नगर में वोटर अधिकार यात्रा की प्रतीकात्मक यात्रा का शानदार आयोजन कर चुके आदेश भारद्वाज का कहाना है कि 1300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 25 जिलों से होकर गुजरने वाली इस यात्रा को लोकतंत्र की रक्षा और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी। राहुल गांधी जी की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एक जन आंदोलन है। बिहार की जनता का अपार समर्थन इस बात का सबूत है कि लोग अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विशेष गहन संशोधन के नाम पर मतदाता सूची में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ यह यात्रा एक सशक्त कदम है, जो खासकर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। भारद्वाज ने कहा कि यात्रा की खूबियां इसकी व्यापक पहुंच और सामाजिक समावेशिता में निहित हैं। हमारे जननायक राहुल गांधी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, और अन्य महागठबंधन नेताओं के साथ मिलकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही है, जो 'वोट चोर, गद्दी छोड़' जैसे नारों से उत्साह दिखा रही है।

### एमसीडी जन स्वास्थ्य विभाग की अभी तक नहीं छपी है प्रचार सामग्री

**नई दिल्ली।** बरसात का मौसम आते ही दिल्ली में डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। हर साल इस मौसम में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का जन स्वास्थ्य विभाग बड़े पैमाने पर पोस्टर, पैम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट आदि प्रचार सामग्री के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाता है, ताकि लोग समय रहते सतर्क हो सकें। लेकिन इस बार अगस्त का महीना समाप्त होने को है और अभी तक निगम की ओर से डेंगू-मलेरिया जागरूकता की कोई पैम्फलेट के रूप में प्रचार सामग्री ही नहीं छपी है। वहीं, इसे लेकर दिल्ली नगर निगम में 'मलेरिया निरोधक उपाय समिति' की अध्यक्ष नीता बिष्ट ने रविवार को बताया कि डेंगू, मलेरिया से जागरूकता के लिए प्रचार सामग्री छापने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए हैं और जल्द ही यह आम जन में वितरित किए जाएंगे, साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

### राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर क्रांति लाकर जीवन शैली बदलने में निभाई अहम भूमिकाः यादव

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि पूर्व पीएम स्व राजीव गांधी ने भारत देश में कंप्यूटर क्रांति लाकर देशवासियों की जीवन शैली बदलने की शुरुआत करने में सबसे अहम भूमिका निभाई। आज छोटे छोटे बच्चे भी मोबाइल, टैब या कंप्यूटर पर कार्य करने में पीछे नहीं है। यादव रविवार को कीर्ति नगर में कंप्यूटर का महत्व विषय पर आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर यादव के अलावा जिला अध्यक्ष मदन खोरवाल, सिद्धार्थ राव, मोती नगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रमेश पोपली, आब्जर्वर गौरी शंकर शर्मा, हरनाम सिंह, सुषमा यादव, राजेन्द्र सिंह नामधारी आदि मौजूद थे। निरंकारी भवन, चूना भट्टी कीर्ति नगर में आयोजित ड्राईंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यादव ने प्रतिभागी बच्चों का हौसला बढ़ाया और बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने रमेश पोपली को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनके द्वारा आयोजित ऐसे आयोजन बच्चों के लिए बेहद आवश्यक होते है। उन्होंने कहा कि इस ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए कम्प्यूटर का महत्व और जीवन में किस-किस काम आ सकता है विषय बच्चों का ज्ञानवर्धन करने में बेहतर भूमिका निभाएगा। यादव ने कहा कि आज के दौर में जिस प्रकार ए.आई. लोगों की जीवनशैली में गहराई से शामिल हो रहा है, जिससे कंप्यूटर का महत्व जीवन में और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं यहां बच्चों को बताना जरूरी समझता हूं कि देश में कम्प्यूटर लाने वाले राजीव गांधी ही थे जिन्होंने कम्प्यूटर क्रांति लाकर युवाओं को जीवन में एक नई दिशा देने का काम किया था। देश को नई दिशा देने के लिए राजीव के पदचिन्हों पर चलते हुए आज राहुल गांधी लोगों के जीवन को बदलने तथा उनकी परेशानियों और समस्याओं को खत्म करने के लिए काम कर रहे है।

## जलभराव के स्थायी समाधान के लिए बन रहा है सीवर सिस्टम का ब्लू प्रिंट : रेखा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

- पिछले दो दिन में भारी बारिश के बावजूद सुपर ब्लैक स्पॉट में जलभराव नहीं हुआ

जलभराव के स्थायी समाधान के लिए पूरी दिल्ली के सीवर सिस्टम का ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने रविवार को बताया कि अगस्त माह में राजधानी दिल्ली में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, उसके बावजूद दिल्ली वालों को जलभराव का गंभीर संकट नहीं झेलना पड़ा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली में जलभराव तो हुआ लेकिन संबंधित विभागों की कार्यकुशलता के चलते अधिकतर इलाकों में जलभराव लगभग आधे से एक घंटे में सामान्य हो गया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जलभराव के मामले में सुपर ब्लैक स्पॉट बने राजधानी के मिंटो रोड ब्रिज, आईटीओ चौक, जखीरा अंडरपास, आनंद विहार आदि इलाकों में गंभीर जलभराव देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि राजधानी मे दो दिनों तक लगातार बारिश हुई, लेकिन दिल्ली का माहौल सामान्य बना रहा।

मुख्यमंत्री बताया कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अगस्त महीने में 254.8 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई जो सामान्य (233.1 मिमी) से अधिक है। उन्होंने कहा कि अगस्त का महीना अभी चल रहा है और संभावना है कि अगस्त माह में बारिश का रिकॉर्ड बन जाए। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के विभिन्न निकायों, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली कैंट आदि में स्थानीय शासन ने बारिश को लेकर पहले से ही तैयारी कर ली थी।

### दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी ने श्रद्धा उत्साह से मनाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश दिवस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीएसजीपीसी) ने रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधन अधीन विभिन्न गुरुद्वारों में गुरमत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रागी सिंहों ने गुरु की इलाही बाणी का कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। डीएसजीपीसी के अनुसार मुख्य समारोह गुरुद्वारा मोती बाग साहिब में हुआ। इस अवसर पर समिति के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि गुरु अर्जन देव जी ने 1604 में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश करवाया और फिर दशमेश पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने पूरी सिख कौम को गुरु ग्रंथ साहिब जी का अनुयायी बनाया। गुरु के मार्ग पर चलकर ही सिख आज विश्व भर में प्रगति कर रहे हैं और अपनी उपलब्धियों का लोहा मनवा रहे हैं। गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहादत दिवस को लेकर कालका और काहलों ने अपील की कि जिन्होंने अभी तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ आरंभ नहीं किए वे शीघ्र ही आरंभ करें। उन्होंने बताया कि इन पाठों की समापन अरदास 25 नवम्बर को लाल किला पर होगी। समिति ने यह भी दोहराया कि संगतों को जरुरत पड़ने पर गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप और सैंचियाँ उपलब्ध कराई जाएँगी। कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत शताब्दी को समर्पित सर्व धर्म सम्मेलन 20 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अक्टूबर माह में सेमिनार और अन्य कार्यक्रम होंगे, जबकि 13 नवम्बर से 26 नवम्बर तक लगातार आयोजन कर 350वें शहादत समागम मनाए जाएँगे।

पूर्व बस मार्शलों ने किया घेराव का ऐलान

# छह माह बाद भी भाजपा का वादा अधूरा, रोजगार की आस में अब भी धरने पर बैठे बस मार्शल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजघाट पर 27 अक्टूबर 2023 से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिल्ली के बेरोजगार सिविल डिफेंस बस मार्शलों का गुस्सा अब उबाल पर है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया था कि सरकार बनने के 60 दिन के भीतर सभी बस मार्शलों को नियमित रोजगार दिया जाएगा। लेकिन छह माह बीतने के बाद भी न कोई ठोस निर्णय हुआ और न ही रोजगार का खाका सामने आया। धरना स्थल पर मौजूद मार्शलों ने बताया कि वे लगातार मुख्यमंत्री, मंत्रियों और भाजपा नेताओं से रोजगार की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल यह कहकर टाल दिया जाता है कि 'काम चल रहा है, रोजगार मिलेगा।' पूर्व मार्शल मुकेश पाल ने दिल्ली सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि रोजगार कब मिलेगा, किस रूप में मिलेगा और इसका आधार क्या होगा, इन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है। जानकारी के अनुसार बता दें कि इनकी संख्या करीब 10,792 हैं और ये बारी-बारी से धरना स्थल पर आकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### पूर्व बस मार्शलों के साथ कब क्या हुआ

बता दें कि दिल्ली सरकार ने वर्ष 2015 के बाद महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजधानी की डीटीसी और क्लस्टर बसों में सिविल डिफेंस कर्मियों को बतौर बस मार्शल तैनात किया था। इन मार्शलों का काम महिलाओं की सुरक्षा, बसों में अनुशासन बनाए रखना और आपात स्थिति में मदद करना था। शुरुआती दौर में यह योजना काफी सफल रही और यात्रियों, खासकर महिलाओं को सुरक्षा का एहसास मिला। लेकिन बजट और प्रशासनिक कारणों से इन मार्शलों की सेवाएं स्थायी नहीं की गईं। हजारों युवा, जिन्होंने कई वर्षों तक ड्यूटी निभाई, अब बेरोजगार हो चुके हैं और अपने परिवार के पालन-पोषण को लेकर परेशान हैं।

#### भाजपा सरकार का किया जाएगा घेराव

धरना स्थल पर मौजूद विनोद कुमार पाल, राजेश, पंकज, आशा रानी, रेखा, मुकेश समेत पूर्व बस मार्शलों ने ऐलान किया है कि यदि सरकार ने जल्द निर्णायक कदम नहीं उठाया तो इस सप्ताह भाजपा सरकार का घेराव किया जाएगा।

#### सत्ता में आते ही भाजपा नेताओं ने साध ली चुप्पीः मार्शल

बस मार्शलों ने भाजपा को उसकी वादा खिलाफी याद दिलाते हुए कहा कि जब पार्टी विपक्ष में थी तो उनके साथ खड़ी थी, लेकिन सत्ता में आते ही चुप्पी साध ली। यह बेरोजगार युवाओं के साथ नाइंसाफी है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र ने मनाया 20वां गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 20 वां गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन 16 से 22 अगस्त, 2025 तक किया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के किसान और कृषक महिलाओं को खेतों में फसलों के बीच उगने वाली गाजर घास के उन्मूलन व इससे संबंधित होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया। केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया गाजरघास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) जिसे आमतौर पर कांग्रेस घास, सफेद टोपी, असाड़ी, गजरी, चटक चांदनी आदि नामों से जाना जाता है, एक विदेशी आक्रामक खरपतवार है। भारत में पहली बार 1950 के दशक में देखे जाने के बाद यह विदेशी खरपतवार रेलवे ट्रेक, सड़कों के किनारे, बंजर भूमि, उद्यान आदि सहित लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर फसलीय और गैरफसलीय क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। बताया गया कि जुलाई-अगस्त के दौरान गाजरघास संक्रमित क्षेत्रों में जैविक कीट जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा (मेक्सिकन बीटल) को छोड़ें। इस सप्ताह भर चले जागरूकता अभियान में केन्द्र के वैज्ञानिकों, विद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा प्रगतिशील कृषकोंका विशेष योगदान रहा।

- गाजर घास से होने वाली संबंधित हानियों के बारे में किया जागरूक

#### दिल्ली देहात के क्षेत्र में बहुतायत देखा जाता है

डॉ. समर पाल सिंह, विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) ने बताया कि गाजरघास एक वर्षीय शाकीय पौधा है जिसकी लम्बाई 1.5 से 2.0 मीटर तक होती है। यह दिल्ली देहात के क्षेत्र में बहुतायत देखा जाता है। यह मुख्यतः बीजों से फैलता है। यह एक विपुल बीज उत्पादक है और इसमें लगभग 25 हजार से 50 हजार बीज-पौधा पैदा करने की क्षमता होती है।

## रामलीलाएं केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की है प्रेरणा : सीएम


**नई दिल्ली।** रामलीलाएं केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, अपितु इसका हर चरित्र हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह विचार आज शालीमार बाग की दो रामलीलाओं (ए और बी ब्लॉक) के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के कहा कि रामराज्य की स्थापना का अर्थ है न्यायपूर्ण, पारदर्शी और जनता के हित में शासन। इसके लिए आसुरी शक्तियों से टकराना ही पड़ता है। मुझे प्रभु राम ने यह जिम्मेदारी दी है कि दिल्ली को रामराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाऊं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली की रामलीलाओं का मंचन अब और भी भव्य और भक्तिभाव से परिपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष की रामलीलाएं पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होंगी, क्योंकि मंचन के लिए होने वाली बाधाओं को दूर कर दिया गया है। पहली बार मंचन के लिए सारी अनुमतियों के लिए जिला स्तर पर डीएम की अगुवाई में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया। रामलीला मंचन के लिए भूमि की सिक्योरिटी राशि को 20 रुपये वर्गमीटर से घटाकर 15 रुपये वर्गमीटर की गई। एक बड़ा निर्णय यह भी लिया गया है कि रामलीला मंचन के साथ बनने वाले मनोरंजन स्थलों का क्षेत्रफल मिलने वाले कुल क्षेत्रफल का 40 प्रतिशत कर दिया गया। अब रामलीला मंचन के साथ-साथ डांडिया और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, ताकि यह उत्सव और भी जीवंत बने।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली विधानसभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

# संसद और विधानसभाओं में संयमित होना चाहिए विरोध : अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद और विधानसभाओं में राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र चलने नहीं देना ठीक नहीं है। विरोध संयमित होना चाहिए। प्रतीकात्मक विरोध का अपना स्थान है, लेकिन विरोध के बहाने दिन-प्रतिदिन और पूरे सत्र तक सदन को चलने न देने की जो परंपराएं बन रही हैं उन पर देश की जनता और चुने हुए प्रतिनिधियों को विचार करना होगा। यह बातें रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने विठ्ठलभाई पटेल पर एक डाक टिकट जारी किया और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि विधानसभाओं में किसान की हरी-भरी फसल से लेकर युवाओं के स्वप्नों तक, महिला सशक्तिकरण से लेकर समाज के प्रत्येक पिछड़े वर्ग के कल्याण तक, देश की एकता और अखंडता से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक के हर विषय पर व्यापक चर्चाएं होती हैं।



उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही विवेक, विचार और विधान पर विशेष बल देना पड़ता है। विवेक से विचार बनता है और विचारों से विधान बनता है, जो विधानसभा का मुख्य कार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का अंतिम उद्देश्य जनकल्याण होना चाहिए। इसका लक्ष्य अपने प्रदेश और देश को सुचारु रूप से चलाना है, और इसका अंतिम ध्येय सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी विकास का मॉडल होना चाहिए। शाह ने कहा कि जब विवेक, विचार और विधान का सभापति द्वारा पूर्ण सम्मान किया जाता है, तो विधानसभाएं दलगत हितों से ऊपर उठकर प्रदेश और देश के हितों पर विचार करती हैं, और लोकसभा देश के हितों पर विचार करती है। उन्होंने कहा कि दलगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित का विचार ही हमें लोकतंत्र की सर्वोच्च गरिमामयी ऊंचाई तक पहुंचाने का एकमात्र मार्ग है।

शाह ने कहा कि यदि संसद और विधानसभाओं के गलियारों में सार्थक वाद-विवाद नहीं होगा, तो वे केवल निर्जीव भवन बनकर रह जाएंगे। शाह ने कहा कि हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि प्रत्येक विधान यानी कानून जनमानस के विश्वास से ही उत्पन्न हो और उसी दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र का इंजन होता है, और जब यहां स्वस्थ परंपराएं बनती हैं, देश की नीतियां निर्मित होती हैं, और देशहित में कानून गढ़े जाते हैं, तो राष्ट्र की दिशा स्वतः स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा को स्वतंत्र होना चाहिए, तभी विधानसभाओं में होने वाली बहस की सार्थकता बनी रहेगी। शाह ने कहा कि विट्ठल भाई पटेल ने भारत की विधायी परंपराओं की नींव रखकर आज के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भारतीय विचारों के आधार पर लोकतांत्रिक ढंग से देश को चलाने की नींव डालने का कार्य यदि किसी ने किया, तो वह निस्संदेह वीर विट्ठल भाई पटेल थे। विट्ठल भाई पटेल ने कई परंपराओं को स्थापित करने का कार्य किया, जो आज हम सभी के लिए, विशेषकर विधायी कार्यों और सभापति के दायित्वों के लिए, ज्योतिर्मय दीपक की तरह मार्गदर्शन कर रही हैं।

वहीं उन्होंने दिल्ली विधानसभा में लगी प्रदर्शनी को देखकर कहा सभी विधानसभाओं में इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन होना चाहिए। ताकि न केवल विट्ठल भाई के जीवन और उनके कार्यों बल्कि स्वतंत्रता के इतिहास के बारे में भी देश के सभी विधायकों, विधान परिषद के सदस्यों और युवाओं को जानकारी प्राप्त हो सके।

### विट्ठल भाई पटेल ने जलाई थी लोकतंत्र की लौ : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि ठीक 100 वर्ष पूर्व 24 अगस्त 1925 को ब्रिटिश शासनकाल में भारतीय मूल के विट्ठल भाई जावेर भाई पटेल केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए थे। यह घटना भारतीयों के लिए गुलामी की जंजीरों को तोड़ने और लोकतंत्र की लौ जलाने वाली थी। उन्होंने कहा कि विट्ठल भाई पटेल ने अंग्रेज प्रतिनिधि को हराकर भारतीयों का गौरव बढ़ाया और स्वतंत्र भारत का वह सपना देखा, जिसमें भारतीय अपने संविधान और झंडे तले नीति निर्माण करेंगे और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए विधानसभाओं में बैठेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में विट्ठल भाई पटेल ने संसदीय गरिमा और अनुशासन का सर्वोच्च स्तर स्थापित किया। उनकी निष्पक्षता, कानूनी समझ और विधायी ज्ञान ने उन्हें विपक्ष तक का सम्मान दिलाया। उनका जीवन कार्य भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' बनाने की दिशा में मार्गदर्शक रहा है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति ने ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस को और अधिक ऐतिहासिक व भव्य बना दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री की मौजूदगी विधायिका की गरिमा और लोकतंत्र में उनके दृढ़ विश्वास का प्रतीक है, जो सभी प्रतिनिधियों के लिए मनोबल और प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, आदरणीय सांसदगण, विधायकगण तथा देश के कोने-कोने से आए स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और सचिवों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर विट्ठल भाई पटेल की गौरवगाथा की प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री और डाक टिकट के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की।

# पहलवान यशिता राणा को 50 लाख रूपये की ईनामी राशि देकर सम्मानित करे दिल्ली सरकार: प्रधान पालम-360

- वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में यशिता की जीत बेटियों को करेगी प्रेरित : चंदौलिया
- कुतुब गढ़ गांव में यशिता के सम्मान में समारोह आयोजित, आशीर्वाद देने के लिए उमड़े लोग
- ग्रीस के एथेंस में हाल ही में संपन्न हुई वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप–2025 में सिल्वर मेडल जीत देश का नाम किया ऊंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव में रविवार को पहलवान यशिता राणा के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। ग्रीस के एथेंस में हाल ही में संपन्न हुई वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप-2025 में सिल्वर मेडल विजेता यशिता राणा को शाबासी देने के लिए समारोह में भारी संख्या में लोग पहुंचे। पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि सांसद योगेन्द्र चंदोलिया के अलावा उप महापौर जयभगवान यादव, निगम पार्षद अंजू अमन कुमार, निगम पार्षद पवन सहरावत, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य आनंद राणा के अलावा अनेक गणमान्य एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। समारोह से पहले दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने यशिता राणा के रोड शो का शुभारंभ औचंदी बॉर्डर से किया।

सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने यशिता राणा को बधाई देते हुए कहा कि बेटियां जब मेडल जीतती हैं तो खुशी दोगुणी होती है। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में यशिता की जीत पूरे दिल्ली देहात की बेटियों को खेलों में अपना दमखम दिखाने के लिए प्रेरित करेगी।

पालम-360 पंचायत के अध्यक्ष चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने यशिता राणा को शाबाशी देते हुए कहा कि गांव की बेटियां अपनी कड़ी मेहनत के बल पर खेलों की दुनिया में हिन्दुस्तान का परचम लहरा रही हैं। दिल्ली की बेटी यशिता ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में पहली बार हिस्सा लेते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया यह देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मांग की कि दिल्ली सरकार यशिता राणा को उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर सम्मानित करते हुए 50 लाख रूपये की धनराशि ईनाम के तौर प्रदान करें। सोलंकी ने कहा कि देहात की बेटी यशिता बहुत ही साधारण किसान परिवार से है। उनके परिवार ने कठोर आर्थिक हालातों से संघर्ष करते हुए बेटी को कुश्ती के अखाड़े में उतारा है। ऐसे में दिल्ली सरकार को बेटी की मदद के लिए आगे आना चाहिए ताकि यशिता एक दिन देश के लिए ओलंपिक पदक जीतकर ला सके।

कुतुब गढ़ वासी आनंद राणा ने बताया कि यशिता ने बचपन से ही कड़ी मेहनत करते हुए कुश्ती में अपनी पहचान बनाई है। वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत ने उम्मीद पैदा की है, दिल्ली सरकार के सर्वोदय कन्या विद्यालय में कक्षा 12वीं की छात्रा यशिता राणा नेशनल लेवल पर भी अनेक पदक जीत चुकी है। दिल्ली सरकार और भारत सरकार को इस प्रतिभाशाली बेटी के लिए हरसंभव मदद करनी चाहिए।

### पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेश गहलोत को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को द्वारका में भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेश गहलोत की श्रद्धांजलि सभा में पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजेश गहलोत का समर्पित जीवन, संगठन के प्रति अटूट आस्था और क्षेत्र के लोगों व कार्यकर्ताओं के बीच गहरी आत्मीयता सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजेश गहलोत जी के साथ काम करने मुझे बहुत मौका मिला, दमदार नेता, पर बहुत ही कोमल हृदय के व्यक्ति थे। ऐसा व्यक्त जब हम सबके बीच में नहीं रहता तो उनकी अनेक बाते याद आती हैं। हम सब उनके सानिध्य में रहे। उनकी हजारों यादे हमारे साथ जुड़ी हैं। ऐसी शख्सियत जिसके जाने के बाद दुनिया याद करे जीवन तो वही है। आज उनको जाने के बाद भी हम उन्हें याद कर रहे हैं। मैं अपनी ओर से पुण्य आत्मा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि परिवार का दुख सहन की शक्ति दे। सरकार और पार्टी पूरे परिवार के साथ खड़ी है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेश गहलोत की आत्मा की शांति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजेश जी का नाम दिल्ली देहात में हमेशा याद किया जाएगा। उनका संपूर्ण जीवन संगठन के प्रति निष्ठा, जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण और कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के साथ गहरी आत्मीयता का प्रतीक रहा है। वे सदैव हमारे विचारों, कार्यशैली और प्रतिबद्धता को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सही मायने में वह जन नेता थे। कार्यकर्ता के साथ वह सुबह चार बजे उठकर जनता बीच पहुंच जाते थे। उन्होंने हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने का काम किया। हम उनके परिवार को अपने परिवार की तरह समझता और हम इस परिवार के साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

### नालों की सफाई में मिला थांब

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सफाई अभियान के दौरान नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले बांकनेर वार्ड के बांकनरे गांव की पुलिया के नीचे कई वर्षों से एक विशाल पत्थर (थांब) फंसा हुआ था, जो पिलर जैसा दिखता था और स्थायीन निवासियों के लिए बाधा बना हुआ था। एमसीडी के मेहनती सफाई कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर पुलिया को तोड़ते हुए उस पत्थर को बाहर निकाल दिया। इस कार्रवाई से न केवल पुलिया का रास्ता साफ हुआ बल्कि आसपास की सफाई व्यवस्था भी बेहतर हुई। क्षेत्रीय निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने सफाई कर्मियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र को साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वर्षों से लोग इस पत्थर को हटाने की मांग कर रहे थे, जिसे अब सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। इसे लेकर अब जल निकासी की समस्या दूर हो जाएगी।






### पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण जेटली की पुण्य तिथि पर भाजपा नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय अरूण जेटली की छठी पुण्य तिथि पर रविवार को नई दिल्ली में अरूण जेटली पार्क प्रांगण में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा परिवार की ओर से उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। नड्डा के साथ केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण एवं धर्मेन्द्र प्रधान, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज, विधायक सतीश उपाध्याय, अनिल शर्मा, नीरज बसोया एवं शिखा रॉय, कार्यालय मंत्री बृजेश राय आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर स्वर्गीय अरूण जेटली की पत्नी संगीता जेटली, पुत्र रोहण जेटली आदि परिजन भी उपस्थित थे।



### वीकेंड पर कई जगह हल्की बारिश से मौसम रहा सुहाना, 24 घंटे में बरसा 36 मिमी पानी

**नई दिल्ली।** वीकेंड रविवार को भी दिल्ली वालों को हल्की बारिश देखने को मिली, जिससे मौसम सुहाना रहा। लगातार तीसरे दिन हुई बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने रविवार को बारिश को लेकर पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था। सुबह के समय दिल्ली में मौसम साफ रहा और हल्की धूप भी निकली। लेकिन बाद में बादलों का आना जाना लगा रहा और दोपहर के समय दिल्ली के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई जिससे रविवार का दिन और सुहाना हो गया। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में सफदरजंग वेधशाला ने राजधानी में 35.6 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि इस दौरान सबसे ज्यादा पानी रिज एरिया में 41.6 मिमी बरसा। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में 6.0 मिमी बारिश दर्ज की। इसके अलावा पालम में 1.2 मिमी, लोदी रोड में 2.4 मिमी, रिज एरिया में 4.0 मिमी, आया नगर में 9.9 मिमी, राजघाट में 1.7 मिमी, पूसा में 11.0 मिमी,नजफगढ़ में 4.0 मिमी और मयूर विहार में 0.5 मिमी बारिश दर्ज हुई।

### लड़ाई का वीडियो हुआ वायरल

# दिल्ली मेट्रो में हुई दो महिलाओं की लड़ाई, एक दूसरे पर चले लात घूंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो में एक बार फिर दो महिलाओं की आपसी लड़ाई का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें दो महिलाएं एक दूसरे के बाल पकड़ कर सीट पर एक दूसरे को जमकर पीटती देखी जा सकती है, जबकि अन्य सहयात्री मोबाइल से फिल्मांकन में मस्त है। इस वीडियो क्लिप पर सोशल मीडिया में तरह तरह के कॉमेंट पढ़ने को मिल रहे है। वीकेंड रविवार के दिन इंटरनेट मीडिया पर एक एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मेट्रो रेल के अंदर दो युवा लड़कियां एक-दूसरे के बाल खींचते हुए चींखते चिल्लाती लात घूंसे चला रही है। इस दौरान एक तीसरी लड़की ने दोनों का छुडवाने की कोशिश जरूर की लेकिन दोनों पर जैसे कोई असर ही नहीं हुआ। वीडियो में एक लड़की जिसने काली पेंट व सफेद शर्ट पहन रखी है उसने दूसरी लड़की को मेट्रो की सीट पर गिरा रखा है और एक हाथ से बाल पकड़ रखे हे जबकि दूसरे हाथ से लड़की का एक हाथ पकड़ रखा है। वहीं नीचे गिरी हुई लड़की ने भी एक हाथ से उसके बाल पकड़ रखे है। दोनों एक दूसरे को कुछ बोल भी रहीं है लेकिन वीडियो में आवाज नहीं होने की वजह से कहा नहीं जा सकता कि क्या कहासुनी हो रही है। हालांकि लड़ाई किस बात को लेकर हुई कहा नहीं जा सकता। मेट्रो किस लाइन व स्टेशन का है यह भी पता नहीं चल पाया है। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में अब अक्सर ऐसे नजारे देखने को मिल जाते है, जिसमें मार पिटाई, अश्लील डांस, गाना बजाना आदि। डीएमआरसी समय समय पर ऐसे लोगों अथवा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम भी उठाती रही है। लेकिन जब तक लोग खुद इस दिशा में समझदारी नहीं दिखाएंगे, तब तक इन्हें रोकना आसान भी नहीं है।

**खबर संक्षेप**

## नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी अबरार हुसैन को पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जुलाई को नाबालिक लड़की ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में दी शिकायत में बताया कि आमिर नाम के लड़के ने उसके साथ गलत काम किया था, जेल में बंद था, उसकी बहन नेहा ने शिकायतकर्ता के फोटो वीडियो लीक करने की धमकी देकर अपहरण कर उसको दिल्ली ले गई।

## यातायात पुलिसकर्मी को टक्कर मारी, मौत



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस वे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे यातायात पुलिसकर्मी को आर्टिका से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी जिसमें पुलिसकर्मी 10 फीट ऊपर उछलने के बाद करीब 100 मीटर की दूरी पर जा गिरा । उन्हें आनन-फानन में मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर रविवार को उनकी मौत हो गई। आज घटना का वीडियो भी सामने आ गया।

## टावर से रिमोट रेडियो यूनिट चोरी, केस दर्ज



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव भोड़ाकला में एक मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर से रेडियो रिमोट यूनिट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेवाड़ी निवासी अविन कुमार सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने बिलासपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भोड़ाकला में योगेश के मकान पर मोबाइल टावर लगा हुआ है। निगरानी के लिए वह फिल्ड ऑफिसर है।

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय एमयूएन सम्मेलन का आयोजन

## कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार के सामाजिक विज्ञान विभाग के दिशा-निर्देशन में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयीय कार्यक्रम मॉडल यूनाइटेड नेशन (एमयूएन) का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में एनसीआर के अन्य 11 विद्यालयों सहित कुल 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथि आदित्य गोस्वामी (विद्या मंदिर क्लासेस के स्पॉन्सर) के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी, निदेशक पंकज जोशी, प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती कल्पना सीज़ो एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती श्रद्धा सिंह सहित अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति रही। सामाजिक विज्ञान विभाग की अध्यक्षा श्रीमती अनामिका सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए एमयूएन के उद्देश्य और महत्व से सभी को अवगत कराया। पहले दिन निम्नलिखित समितियों में विभाजित प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया तथा दूसरे दिन इनसे संबंधित समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए।

**खास बातें**

- आयोजन में 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया
- सम्मेलन में एनसीआर के 11 विद्यालयों के प्रतिभागी शामिल हुए
- सामाजिक विज्ञान विभाग के दिशा-निर्देशन में दो दिवसीय आयोजन किया







### समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए

- सशस्त्र संघर्षों के समाधान हेतु कार्यप्रणाली में सुधार(यूएनएससी)
- लोकसभा– जाति व्यवस्था के आर्थिक व सामाजिक प्रभाव
- यूएनएचआरसी – तालिबान शासन में महिलाओं की स्थिति एवं धर्म बनाम कानून
- यूनूसा – अंतरिक्ष मलबा कम करने के अंतर्राष्ट्रीय मानक
- आएआईपीएम – उत्तर-पूर्व भारत की आकांक्षाएँ एवं एक्ट ईस्ट नीति यूएनडीपी– सतत विकास में जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियाँ
- मार्वल बनाम डीसी – मल्टीवर्स पर खलनायक गठबंधन का खतरा
- अंतर्राष्ट्रीय प्रेस (आईपी) – पत्रकारिता, फोटोग्राफी एवं व्यंग्यचित्र

### प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी प्रमाण पत्र प्रदान किए

दूसरे दिन के मुख्य अतिथि मंजीत ठाकुर (पत्रकार एवं साहित्य विशेषज्ञ) और अतुल सिन्हा (युवा द राइजिंग के अध्यक्ष एवं उनकी समस्त टीम) रहे। शमंजीत ठाकुर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं अतुल सिन्हा ने अपनी संस्था के कार्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अनामिका सिंह ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## फरीदाबाद जिले के 14 मंडलों में मंडल कार्यकारिणी बैठकें संपन्न

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात काम कर प्रदेश के जन-जन को कर रहे हैं, सशक्त: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले की बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मेवला एवं फरीदाबाद विधानसभा के सीही व ग्रेटर फरीदाबाद मंडल में आयोजित बैठकों में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि 2014 में जबसे नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, उनके नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है और भारत का पूरे विश्व में मान बढ़ा है । प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री के तौर पर देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। नायब सिंह सैनी दिन रात काम कर प्रदेश के जन-जन को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली दूरदर्शी, सशक्त और समावेशी है, जो महिला, युवा, किसान, गरीब एवं समाज हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करती है। पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि रविवार को भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु जिले के 15 में से 14 मंडलों में मंडल कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में वक्ताओं द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं, सेवा पखवाड़ा एवं पंच परिवर्तन और संगठन विस्तार एवं बूथ के कार्यक्रम विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंडल अध्यक्षों द्वारा मंडल की रिपोर्ट पेश की और मंडल प्रभारियों द्वारा मंडल के कार्य की समीक्षा की गई।



### तिलपत मंडल की बैठक आज

फरीदाबाद विधानसभा के अजरौंदा, ग्रेटर फरीदाबाद, सीही, ओल्ड फरीदाबाद, बड़खल विधानसभा के एनएच सैनिक सूरजकुंड, मेवला, पटेल और तिगांव विधानसभा के इन्द्रप्रस्थ, खेड़ी, बसंतपुर, तिगांव और सेहतपुर मंडल में कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। तिगांव विधानसभा के तिलपत मंडल की बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगी।

### अदलखा ने सीएम सैनी के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की

बड़खल के विधायक धनेश अदलखा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के प्रति पूर्णतः समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर रही है। भाजपा सरकार न केवल विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है।

**धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन**

## श्री राम हनुमान मंदिर लैय्या बिरादरी में चलिया पर बैठे कई हनुमान भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबद शहर के प्रसिद्ध श्री राम हनुमान मंदिर लैय्या बिरादरी में धार्मिक अनुष्ठान के बाद चलिया पर बैठे कई हनुमान भक्त। इसमें गुरु जी तिलक मिगलानी, किशन छाबड़ा, दीनानाथ वधवा, दीपक राज शर्मा, राज मिगलानी, टिंकू मिगलानी, मोहित नारंग वीर , अन्नू मिगलानी, मोहित नारंग, विनय बत्रा, सनी आहूजा, अंकुर मिगलानी, विपुल धुनेजा, लवनिश डोरा, तरुण आहूजा प्रभु सेवादार ने मंदिर पुजारी पंडित अशोक कुमार से पूजा करवा कर हनुमान जी का अनुष्ठान किया हैं।

लैय्या बिरादरी के प्रधान धर्म बरेजा व महासचिव राज मिगलानी ने बताया कि लैय्या बिरादरी व पंजाबी समाज पिछले 76 वर्षो से ऐतिहासिक दशहरा मनाता आ रहा है। इस बार बिरादरी द्वारा 2 अक्टूबर को सेक्टर-16 ए के दशहरा मैदान में दशहरा मनाया जाएगा। हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा शहर में ढोल नगाड़ों के साथ सुंदर शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमे विभिन्न शहरों के अलग-अलग कलाकार हिस्सा लेंगे। उन्होनें बताया कि श्री मूर्ति की सेवा करने के लिए यह हनुमान भक्त 40 दिन ब्रह्मचार्य का पालन करते हुए मंदिर में ही रहेगे।

धर्म बरेजा व राज मिगलानी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता गोल्डी सलूजा करेगें व चेयरमैन ओम प्रकाश नारंग, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ढींगरा, वरिष्ठ उपप्रधान लोकनाथ मिगलानी, उपप्रधान पप्पू वाधवा, सचिव देविंदर ढींगरा, उपप्रधान पप्पू नागपाल, पप्पू वर्मा, यश बब्बर व अन्य कमेटी सेवादार की अगुवाई में यह सारा कार्यक्रम आयोजित होगा।

## शहीद भगत सिंह सेवा सदन संस्था ने रेफर मुक्त फरीदाबाद संघर्ष समिति के धरने को दिया समर्थन

**फरीदाबाद।** सिविल अस्पताल के गेट पर पिछले 268 दिनों से चल रहे रेफर मुक्त फरीदाबाद संघर्ष समिति के धरने को आज उस समय और बल मिल गया जब फरीदाबाद की शहीद भगत सिंह सेवा सदन संस्था के अध्यक्ष सलीम अहमद की पूरा टीम ने धरने के संयोजक सतीश चोपड़ा को लिखित में अपना समर्थन पत्र सौंपा। इस मौके पर शहीद भगत सिंह सेवा सदन संस्था के सुनील जुनेजा महासचिव, भुवनेश्वर शर्मा उपाध्यक्ष, राजू बजाज उपाध्यक्ष, मोहम्मद इरफान उर्फ मुन्ना भाई सह सचिव, मतीन अहमद, मोहम्मद इदरीश, साकिर मलिक, प्रमोद कुमार, धांदू भाई, बिट्टू, बीरपाल, नरेंद्र राकेश नायर, इरफान अहमद, हाकीमीन सैफी, सैयद अनवर, आमन अहमद, सैयद फराज, त्रिलोक, एहसान सैफी, श्याम नितिन जिम वाले के अलावा विकास , मौजूद रहे। रेफर मुक्त फरीदाबाद संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने समर्थन देने आई टीम को बताया कि यह धरना पूर्व क्रिकेटर संजय भाटिया के नेतृत्व में 268 दिनों से सर्दी, गर्मी, धूप व बरसात में लगातार जारी है।



# हरियाणा में संगठन विस्तार पर काम कर रही है आम आदमी पार्टी : पं. राजेंद्र शर्मा

## संगठन विस्तार को लेकर आम आदमी पार्टी की जिलास्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय एक बैठक रविवार को हरियाणा महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू मान के सेक्टर-14 स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री पं. राजेंद्र शर्मा ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा अध्यक्ष अमन गोयल व जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री पं. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी समूचे हरियाणा में लोगों को संगठन से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले एक माह के दौरान फरीदाबाद में बड़े स्तर पर पार्टी का विस्तार होगा। पार्टी हरियाणा में संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है और कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस सरकार में विकास केवल कागजों तक सिमटा हुआ है, जबकि जमीनी स्तर पर लोग सरकार की नीतियों से त्राहि-त्राहि करने को मजबूर है। शर्मा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है, आज लोग भाजपा को सत्ता सौंप अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करें। बैठक में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विरेंद्र तंवर, दिनेश भारद्वाज प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी, भीम यादव प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी, देवराज गौड ओबीसी ज्वाइंट सेक्रेटरी, अल्पसंख्यक मोर्चा से बीएस चावला, ओबीसी सीनियर वाइस चेयरमैन मामचंद, एसके बंसल उपाध्यक्ष व्यापार सेल प्रदेश, राजेश, रजीपाल झा सहित अनेकों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## होटल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**गुरुग्राम।** सेक्टर 50 इलाके के ऑक्टेव निर्वाणा सूइट होटल से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सेक्टर 44 की कन्हई एनक्लेव के रहने वाले हनी के रूप में हुई है। हनी फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रहे थे और इसको लेकर मानसिक तनाव में था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। सुशांत लोक थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हनी नाम का एक युवक लापता है। परिजन ने बताया था कि उसने कॉल कर आत्महत्या करने की बात कही थी। पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रैक की तो वह सेक्टर 50 के ऑक्टेव नर्वाना सूइट होटल की मिली। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां उसकी बाइक खड़ी मिली।

# सिकंदर बख्त ने देशहित और समाज की सेवा को प्राथमिकता दी: अध्यक्ष सिद्दीकी

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सिकंदर बख्त जी की 107वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, नेहरू नगर, गाज़ियाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सिकंदर बख्त की 107वीं जयंती पर रविवार को विनम्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी मुख्य अतिथि थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिकंदर बख्त भारतीय राजनीति के आदर्श व्यक्तित्व थे, जिन्होंने देशहित और समाज की सेवा को प्राथमिकता दी। उनकी सादगी और ईमानदारी आज भी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है।




प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि स्व. बख्त जी ने राष्ट्रवाद और सेवा की परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और उनका जीवन संगठन व देशहित को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाज़ियाबाद के कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात है कि हम सब आज उनकी जयंती पर उन्हें याद कर रहे हैं, उनका संघर्ष और समर्पण संगठन के प्रति निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाता है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जावेद खान सैफ ने किया। इस अवसर पर डॉ. रिजवान मीर, सरदार बलप्रीत सिंह , सरदार तरनजीत सिंह,प्रदीप चौधरी आदि।

**धड़ और हाथ-पैर घटनास्थल के आसपास ही पड़े मिले**

# सुनसान स्थान में पेड़ पर युवक का सिर फंदे पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-1 थाना क्षेत्र में फरीदाबाद रोड पर खुशबू चौक के पास सुनसान स्थान के एक पेड़ पर एक युवक का सिर फंदे पर लटका मिला। शव काफी पुराना होने के कारण हाथ, पैर व धड़ भी कई टुकड़ों में बिखरा मिला।



पुलिस जांच में सामने आया है कि पेड़ पर फंदा लगाने के बाद युवक के धड़ को जंगली जानवरों ने नोच लिया, जिससे धड़ टूटकर नीचे गिर गया। युवक के गत तीन अगस्त से लापता होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने युवक के फंदा लगाने के मामले में आत्महत्या संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है। मृतक युवक की पहचान कटिहार (बिहार) निवासी राकेश मंडल के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि वह दिल्ली में रहता था और गुरुग्राम में एक निर्माण स्थल पर राजमिस्त्री का काम करने आया था। मृत युवक के परिजनों ने राकेश की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कहा कि उसको मारकर पेड़ पर लटकाया गया। राकेश का सिर लड़की के दुपट्टे से लटका मिला है। दिल्ली से वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने गुरुग्राम आया था और उसी लड़की ने 21 अगस्त को राकेश मंडल के शव मिलने वाले स्थान की लोकेशन भी दी। उसी लोकेशन के आधार पर परिजन राकेश मंडल के शव मिलने वाली जगह तक पहुंच पाए।

मृतक राकेश के ममेरे भाई संजय ने बताया है कि वह बिहार से एक अगस्त को दिल्ली आया था। इसके बाद गत तीन अगस्त को वह एक लड़की से मिलने जाने की कहकर गुरुग्राम के लिए निकला था। राकेश ने लड़की को अपनी लोकेशन शेयर की थी। इसके बाद से राकेश मंडल लापता था। हालांकि इसके बाद भी राकेश की फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज आते रहे।

संजय ने बताया कि राकेश की आईडी से लापता होने के बाद लगातार मैसेज आते रहे। इसके बाद 23 अगस्त को उसकी फेसबुक आईडी का नाम बदलकर बिक्की कुमार कर दिया गया। संजय का आरोप है कि राकेश की आईडी को अब भी कोई चला रहा है। उसका हत्या में हाथ हो सकता है। मृतक राकेश के परिजनों ने पुलिस से मामले में हत्या संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

### लोकेशन के आधार पर मिला शव

लोकेशन के आधार पर जब परिजनों ने तलाशी के दौरान राकेश मंडल का शव खुशबू चौक के पास रोड से करीब 100 मीटर अंदर जंगल में मिला। पेड़ से दुप्पटे के फंदे पर राकेश का सिर लटका हुआ मिला, जबकि उसका धड़ टुकड़ों में पेड़ के आसपास ही बिखरा मिला। कमर से नीचे का हिस्सा एक जगह था और दोनों हाथ अलग-अलग पड़े मिले। पुलिस को मौके से एक बैग भी मिला। बैग में राकेश के कपड़े व अन्य सामान था। पुलिस ने शव के टुकड़े समेटकर इसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू की।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना क्षेत्र के सहरावण मोड़ के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एक युवक ने शनिवार की रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक युवक का उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़े के बाद उसने पास ही बनी दूसरे झुग्गी में फंदा लगा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। युवक की पहचान दिल्ली के रघुवीर नगर स्थित टैगोर गार्डन निवासी सन्नी (23 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पिछले कई साल से गुरुग्राम में रह रहा था। मृतक सन्नी की पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम उसकी अपने पति सन्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सन्नी पास में खाली पड़ी झुग्गी में चला गया था। जब काफी देर बात भी वह वापस नहीं आया तो उस झुग्गी में जाकर देखा तो उसके पति सन्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सन्नी के फंदा लगाकर आत्महत्या के बारे में मानेसर थाने की पुलिस को सूचित किया गया।

## गुरुग्राम-सोहना रोड पर ऑडी ने इको गाड़ी को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम-सोहना रोड पर राजीव चौक अंडरपास में रविवार की अलसुबह करीब तीन बजे ऑडी कार ने आगे चल रही इको गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इको गाड़ी पलट गई। इस हादसे में दोनों वाहनों में काफी नुकसान हुआ है। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं की है। रविवार की सुबह सोहना से गुरुग्राम की ओर वाले अंडरपास में एक इको गाड़ी आ रही थी। जब वह राजीव चौक के अंडरपास में पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार ऑडी कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑडी की टक्कर से इको गाड़ी पलट गई और दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

ऑडी कार व इको गाड़ी में चालक ही मौजूद थे। इस हादसे में दोनों को हल्की चोटें आईं। बताया जा रहा है कि ऑडी कार चालक नशे में था। पुलिस चौकी नाहरपुर के प्रभारी अनिल ने बताया कि इस संबंध कोई शिकायत नहीं मिली है। दोनों पक्षों ने अपने स्तर पर ही मामला सुलझा लिया है। ऐसे में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि कोई शिकायत आती है तो संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।


## खबर संक्षेप

### इमरान मसूद समेत कांग्रेस के बड़े नेता नजरबंद



**सहारनपुर।** कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया था। इससे पहले शनिवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को नजरबंद कर दिया। रविवार को कांग्रेस नेताओं ने सांसद इमरान मसूद के घर नजरबंदी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन ने कांग्रेस को रैली निकालने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद नेता रैली निकालने की जिद पर अड़े रहे।

### पकड़ा गया 'मेरठ का स्पाइडरमैन'



**मेरठ।** घंटाघर की ऊंची दीवार पर खड़ा होकर स्पाइडर मैन की ड्रेस में रील बनाने वाले आरोपी फराज निवासी अबरारनगर लिसाड़ी रोड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की है। घंटाघर की दीवार पर चढ़कर स्पाइडर मैन की ड्रेस में आरोपी ने रील बनाकर वायरल की थी।

### दोस्त के सामने झाड़ियों में खींचकर रेप, 1 काबू



**प्रयागराज।** यहां फाफामऊ कर्जन ब्रिज पर दोस्त के साथ टहल रही युवती को झाड़ियों में खीचकर रेप की वारदात के आठ दिन बाद पुलिस ने तीन में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी समेत दो अभी फरार हैं। युवकों ने युवती के दोस्त के साथ मारपीट की थी और युवती के साथ दरिंदगी की गई थी। फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे नागरिक अभिनंदन

## स्पेस से वापसी के बाद पहली बार लखनऊ आ रहे देश के नायक कैप्टन शुभांशु शुक्ला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के बेटे और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नागरिक अभिनंदन करेंगे। शुभांशु शुक्ला हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सफल मिशन पूरा कर लौटे हैं। मिशन पूरा कर वह हाल ही में भारत आए हैं और अब पहली बार वह सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं। योगी सरकार ने देश के नायक को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को चार बजे लोकभवन में शुभांशु का नागरिक अभिनंदन करेंगे। एक स्पेशल रथ में शुभांशु को स्कूल ले जाया जाएगा।



**मिशन पूरा कर लौटे शुभांशु**

लखनऊ में जन्मे शुभांशु भारतीय वायुसेना के अनुभवी पायलट हैं। वे एक्सिओम-4 मिशन में शामिल होकर पहले भारतीय बने, जिन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा। भारत लौटने के बाद उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष से लाया हुआ तिरंगा और मिशन पैच भेंट किया था, जो पूरे देश के लिए भावुक क्षण था।

रवि किशन का करारा हमला

## राहुल गांधी की यात्रा देश तोड़ने की साजिश, जनता देगी जवाब

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भाजपा सांसद रवि किशन रविवार को गोरखपुर के गुरुद्वारा पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने राहुल गांधी की यात्रा पर तीखा प्रहार किया। भाजपा सासंद रवि किशन ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यह यात्रा देश को तोड़ने की यात्रा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि इसमें विदेशी साजिशें शामिल हैं।

- पूरी तरह जातीय तुष्टीकरण की राजनीति हमारे दुश्मन देश इससे प्रसन्न हो रहे



सांसद ने आरोप लगाया कि यह पूरी तरह जातीय तुष्टीकरण की राजनीति है, जिसे देश की जनता भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की यह यात्रा विदेशी साजिश का हिस्सा है। हमारे दुश्मन देश इससे प्रसन्न हो रहे हैं। विपक्ष ने संसद चलने नहीं दी, झूठ की राजनीति की, जो देश के लिए बेहद खतरनाक और घातक है।रवि किशन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर कोई दाग नहीं है।

गोरखपुर में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

# सिख गुरुओं ने दिया भारत, भारतीयता व सनातन धर्म के लिए सर्वोच्च बलिदान

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

गुरु तेग बहादुर के बलिदान का यह 350वां वर्ष | *अनुपम और अटूट रही है सिख गुरुओं की परंपरा*



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं ने भारत, भारतीयता और सनातन धर्म के लिए अपना बलिदान दिया। जब भी सनातन धर्म पर संकट आया, इन गुरुओं ने अपने को बलिदान करने से संकोच नहीं किया।

मुख्यमंत्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर रविवार को पैडलेगंज गुरुद्वारा में प्रदेश सरकार द्वारा 2.34 करोड़ रुपए से कराए गए सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास में वही जाति जीवित रहती है जो अपने पूर्वजों के शौर्य, योगदान व पराक्रम को अपने जीवन का हिस्सा बनाती है। सिखों की प्रगति का आधार भी गुरु परंपरा के प्रति अगाध निष्ठा है। उन्होंने पूरे देश की जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह वर्ष गुरु तेग बहादुर के बलिदान का 350वां वर्ष है, पूरे देश व दुनिया में गुरु के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री आवास में कीर्तन हुआ और इसके बाद कीर्तन करते हुए मंडली दिल्ली के शीशगंज गुरुद्वारा तक पहुंची।

26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में पीएम मोदी ने घोषित किया गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर भी मुख्यमंत्री आवास में कीर्तन आयोजित किया गया। सिख बंधुओ की लंबे समय से मांग रही की गुरु गोबिंद सिंह के चार साहबजादों के बलिदान दिवस पर कोई तिथि घोषित की जाए। उनका सम्मान करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषित किया। जब हम एक स्वर से काम करते हैं तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के चार साहबजादे थे। पहले व दूसरे नंबर के साहबजादे युद्ध करते मारे गए। तीसरे और चौथे नंबर के साहबजादों को दुष्ट औरंगजेब ने कैद कर लिया था। उन्हें लोभ दिया की रियासत भी मिल जाएगी और जान भी बख्श देंगे। लेकिन उन बच्चों ने इसे स्वीकार नहीं किया। कहा कि हम इसका क्या करेंगे। जब दोनों बच्चों को दीवार में चुनवाया जा रहा था तो बड़े बच्चे की आंख से आंसू आ गए। छोटे ने पूछा कि तुम रो क्यों रहे हो। बड़े ने कहा कि इस दुनिया में पहले मैं आया था और तुम जा रहे हो। पहले मुझे ही जाना चाहिए था।

उन्होंने अपना बलिदान दे दिया लेकिन विधर्मियों के सामने झुके नहीं। यह गौरवशाली इतिहास सिखों का है। उन्होंने अपने लिए नहीं देश व सनातन धर्म के लिए बलिदान दिया। हम सब का दायित्व है कि सिख गुरुओं के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करें। सरकार ने शहर के तीनों गुरुद्वारों जटाशंकर, मोहद्दीपुर और पैडलेगंज का सुंदरीकरण कराया है। यह सिख गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और श्रद्धा है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री को शाल व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। एमएलसी धर्मेंद्र सिंह व सांसद रविकिशन शुक्ला ने भी संबोधित किया।

समर्थक ने की थी मांग

## तेजस्वी यादव ने बीच यात्रा में प्रकाश वीर का काट दिया टिकट

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा निकली है। यात्रा बिहार के नवादा जिले से गुजर रही थी और खुली गाड़ी पर तेजस्वी यादव भी सवार थे। तेजस्वी यादव खुली गाड़ी से अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इसी दौरान उनके एक समर्थक ने रजौली से विधायक प्रकाश वीर की शिकायत कर दी।

समर्थक तेजस्वी से कहता है कि अगर इस सीट को जीतना है भईया तो प्रकाश वीर को हटाना होगा। इसके जवाब में तेजस्वी कहते हैं कि हट गया। इसके बाद समर्थक खुश हो जाता है और कहता है कि धन्यवाद भईया , अभी तक वह आपके नाम से ही जीत रहा था।



पप्पू यादव का वनवास खत्म!

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने राहुल के सामने तेजस्वी को जननायक बताया

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

बिहार में जारी महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा पूर्णिया पहुंची। सांसद पप्पू यादव ने भी जोरदार भाषण दिया। राहुल गांधी के सामने उन्होने तेजस्वी यादव को जननायक बताया। यात्रा के दौरान पप्पू यादव को भी जीप में जगह मिली। पप्पू ने कहा कि क्रांति के प्रतीक, नफरत और आंतक को मिटाने का नाम क्या है। आपकी उम्मीद आपका सपना और आपका विश्वास कौन है। इंसानियत का पैगाम कौन है, मोहब्बत का दूत कौन है। अरे मोदी जी हमारे जननायक तेजस्वी यादव जो लगातार बिहार के लिए संघर्ष करते रहे।



## पेज एक का शेष

### आईपीएस अनीश दयाल...

अपनी सेवाएं दी हैं और इस भूमिका में उनका व्यापक अनुभव है। सिंह उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद सहित देश के आंतरिक मामलों के प्रभारी होंगे।

### भारत के दुश्मन ....

रक्षा प्रणाली है, जिसमें कई स्वदेशी मिसाइलें और एक शक्तिशाली लेजर हथियार शामिल हैं। यह प्रणाली दुश्मन के हवाई हमलों से देश की रक्षा करने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित करता है। यह महत्वपूर्ण सुविधाओं को दुश्मन के हवाई खतरों से बचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण हमारे देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को और मजबूत करता है, और दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुविधाओं की सुरक्षा को सशक्त करेगा।

### बिना 'सार्थक' वाद....

लाभ के लिए, विपक्ष के नाम पर सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। देश को इस पर विचार करना होगा, जनता को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा।' शाह ने कहा कि सभी चर्चाओं में सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा 'हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो।' हस्तिनापुर में द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को इसके भयंकर परिणाम देखने को मिले हैं।

### लाइब्रेरी के महत्व ....

लिए विधानसभा सचिवालय को विधायकों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने विधानसभा और संसद की लाइब्रेरी के महत्व पर भी चिंता जताई। शाह ने कहा कि लाइब्रेरी विधायकों और सांसदों के लिए अध्ययन और शोध का केंद्र बननी चाहिए, लेकिन आजकल इनके उपयोग में उदासीनता देखने को मिलती है।

### गृह मंत्री ने विट्ठलभाई ....

और उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को यह बात याद रखनी चाहिए।'

### दहेज के लिए ....

जा रही थी। तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। विपिन ने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैंने उसे नहीं मारा है, वह खुद मर गई। एनकाउंटर के बाद निक्की के पिता ने कहा कि पुलिस ने सही किया, जो अपराधी होता है वो भागने की कोशिश करता ही है। विपिन भी अपराधी है। हमारी गुजारिश है कि पुलिस बाकियों को भी पकड़े और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। विपिन पर आरोप है कि उसने निक्की को बाल पकड़कर घसीटा और फिर उसकी बहन और बेटे के सामने उसे आग लगा दी। पीड़िता के लगभग छह वर्षीय बेटे ने गुरुवार रात हुई इस घटना को देखा। बेटे ने कहा कि मेरी मां के ऊपर कुछ डाला, फिर उनको थप्पड़ मारा और लाइटर से आग लगा दी। इस भयावह घटना के दो वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल हुए थे।

### वोटर लिस्ट में ...

सत्यापन किया। इमराना खानम का ही वीजा और पासपोर्ट नंबर है। उनका पासपोर्ट 1956 का है और उन्हें 1958 में वीजा मिला था। वह पाकिस्तान से हैं। भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि हम फॉर्म-7 भरवाएंगे और नाम हटाने की कार्रवाई करेंगे। ये निर्देश गृह मंत्रालय से हासिल हुए हैं। गृह मंत्रालय की जांच के अनुसार टैंक लेन में इमराना खानम उर्फ इमराना खातून, पत्नी इब्तुल हसन और फिरदौसिया खानम, पत्नी मोहम्मद तफजील अहमद के नाम पर वोटर आईडी कार्ड बनाए गए हैं। प्रशासन के पास दोनों के ईपीआईसी नंबर मौजूद हैं।

### 'लाडकी बहिन योजना' के ...

जिसे रोका जाएगा। इस योजना के तहत प्रति परिवार 21 से 65 वर्ष की आयु की केवल दो महिलाओं को ही लाभ मिलता है। ऐसे मामले सामने आए हैं जहां एक ही परिवार की दो से ज़्यादा महिलाओं, या इस आयु वर्ग से बाहर की महिलाओं ने 1,500 की मासिक राशि का लाभ उठाया है। राज्य सरकार ने व्यापक अपात्रता और दुरुपयोग के संदेह के बीच 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' की 26 लाख से अधिक लाभार्थियों को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर सत्यापन अभियान का आदेश दिया था।

**26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच:** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार किसी भी अवैध दावे को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए राज्य सरकार ने एक बड़े स्तर पर जांच अभियान शुरू किया है। इसमें 26 लाख लाभार्थियों के दावों की गहन पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी को गलत तरीके से लाभ उठाते पाया गया तो उसका खाता तुरंत बंद कर दिया जाएगा और उससे वसूली भी की जा सकती है।

**भ्रष्टाचार और गड़बड़ी रोकने का प्रयास:** योजना में गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग गलत जानकारी देकर योजना का लाभ उठा रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि इस तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाई जाए और केवल पात्र महिलाओं तक ही सहायता पहुंचे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोहराया कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए है, न कि उन लोगों के लिए जो नियमों का उल्लंघन कर फायदा लेना चाहते हैं।

**सख्त कार्रवाई की तैयारी:** मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर महीने मिलने वाले 1,500 रुपये की आर्थिक मदद सही हाथों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद अवैध दावेदारों को लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। सरकार जल्द ही एक रिपोर्ट जारी करेगी जिसमें यह स्पष्ट होगा कि कितने लोग योजना का गलत तरीके से फायदा उठा रहे थे।

### 30 करोड़ की...

है। 21 अगस्त को बैंकॉक से सिंगापुर होते हुए दिल्ली पहुंचे एक भारतीय नागरिक को कस्टम अधिकारियों ने टर्मिनल-3 पर रोका। जब वह ग्रीन चैनल से बाहर निकल रहा था, तभी एक्स-रे स्कैन में उसके ट्रॉली बैग में संदिग्ध सामग्री दिखी। तलाशी के दौरान नीले और भूरे रंग के बैग से 25 काले पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए। पैकेटों से करीब 25 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए आंकी गई। 22 अगस्त को पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में छापेमारी की गई। यहां से दो महिला ड्रग सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उनके पास से 1049 ग्राम हेरोइन, एक नीला स्कूटर, नकदी और मोबाइल फोन बरामद हुए। जब्त की गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि इस सिंडिकेट का संचालन 54 वर्षीय सीमा और उसकी 43 वर्षीय भाभी समिता कर रही थीं। सीमा नंद नगरी की रहने वाली है।

### गंभीर ने कहा- ...

प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। पुजारा हाल फिलहाल में इंग्लैंड दौरे पर कमेंट्री करते दिखे थे। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट जून 2023 में इंग्लैंड में ही खेला था। उनका आखिरी टेस्ट या यूं कहें अंतरराष्ट्रीय मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केनिंग्टन ओवल में खेला गया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल था। ऑस्ट्रेलिया ने इस मुकाबले में भारतीय टीम को शिकस्त दी थी। पुजारा के संन्यास के बाद गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा कि जब तूफान आया, तब वे डटे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रही थीं, तब उन्होंने संघर्ष किया, पुज्जी, बधाई हो।

### पुजारा का अंतरराष्ट्रीय....

इसके अलावा पुजारा आईपीएल में 30 मैच खेल चुके हैं। इसकी 22 पारियों में उन्होंने 99.75 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। इसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### कौन हैं प्रेमानंद ...

और कृष्ण-राधा की भक्ति पर आधारित हैं। वह पिछले 19 साल से गंभीर किडनी रोग से जूझते हुए भी हर रोज परिक्रमा करते हैं। इसके बाद वे एकांतिक प्रवचन में प्रश्नों का उत्तर देते हैं।

उतारने में अधिकारियों के छूटे पसीने

## एक तरफा प्यार में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया आशिक

एजेंसी ▶▶ भदोही

जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां सिरफिरे आशिक ने एक तरफा इश्क में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। लेकिन युवक उतरने का नाम नहीं ले रहा था। आखिर में घंटों के प्रयास और प्रेमिका से बात कराने पर किसी तरह वह नीचे उतरा। जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

ये मामला कोतवाली क्षेत्र के सालिमपुर गांव का है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि रविवार की सुबह भदोही कोतवाली क्षेत्र के सालिमपुर गांव में लगे मोबाइल टावर पर एक युवक के चढ़ने की सूचना प्राप्त हुई। मामले की जानकारी होते ही जिले के आला अधिकारी भारी पुलिस बल व फायर बिग्रेड टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दरअसल, कोतवाली क्षेत्र के याकूबपुर गांव के रहने सचिन उर्फ पवन पांडेय क्षेत्र के ही क्षेत्र की ही एक लड़की से इंस्टाग्राम पर लंबे समय से चैटिंग हो रही थी। इस बीच युवक लड़की के प्यार में एक तरफा अंधा हो गया। मामले की जानकारी होने पर दोनों के परिजन विरोध करने लगे।



अखिलेश यादव ने कहा-

## पूजा पाल को भाजपा वाले मार देंगे और जेल हम चले जाएंगे!

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी से पिछले दिनों निकाली गईं विधायक पूजा पाल ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा है कि अगर मेरी हत्या होती है तो अखिलेश यादव को दोषी होंगे। इसी को लेकर रविवार को अखिलेश यादव ने बेहद गंभीर सवाल उठा दिया। लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब पूजा पाल को खतरे को लेकर सवाल आया तो अखिलेश यादव ने कहा कि यह बेहद गंभीर सवाल है। कोई मुख्यमंत्री से मिले और उसे जान का खतरा दूसरे दल के नेता से हो, यह कैसे संभव है। अखिलेश ने कहा कि अब अगर बीजेपी वाले मार देंगे तो जेल हम चले जाएंगे। अखिलेश ने यह भी कहा कि हालांकि यह बात नहीं बोलनी चाहिए।

अखिलेश ने कहा कि किसी के मन में अगर अपनी जान को खतरा हो तो इसकी जांच होनी चाहिए। यह पता चलना चाहिए कि कौन ऐसे लोग और किस संगठन के लोग हैं जो किसी की जान ले सकते हैं। जान के खतरे की सरकार जांच कराए। अखिलेश ने इसके साथ ही कहा कि हमें यूपी की सरकार पर भरोसा नहीं है। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार इसकी जांच कराए। अखिलेश ने कहा कि हम लोगों ने केंद्र के गृह मंत्रालय को इस बारे में पत्र लिखा है। हमें उम्मीद है कि वहां से न्याय मिलेगा।

यूपी की सरकार से न्याय की उम्मीद तो हम लोगों को नहीं है। अखिलेश ने यह भी सवाल उठाया कि इतने साल तक पूजा पाल हमारे साथ थीं। तब उन्हें कोई खतरा नहीं था। अब क्यों खतरा है यह सब लोग समझते भी हैं।



सीएम नीतीश कुमार ने किया था शिलान्यास

## भू माफिया ने बेच दी एनएचएआई की जमीन, आरओबी बनाने का काम रुका

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में जमीन माफिया सरकारी जमीन को भी नहीं छोड़ते। मुजफ्फरपुर में पुराने एनएच 28 और नए एनएच 122 की सरकारी जमीन को माफिया ने बेच दी जिससे रामदयालु में आरओबी निर्माण और सड़क चौड़ीकरण में बाधा आ रही है। अरबों रुपये की अवैध खरीद-बिक्री के इस मामले में साक्ष्य देते हुए एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर सड़क के लिए वर्ष 1964 में अधिगृहीत जमीन की अवैध-बिक्री की गई है। अब बजाप्ता वहां कॉलोनी बस गई है, जिससे रामदयालु में आरओबी बनने पर संकट खड़ा हो गया है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था।

**एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने उजागर किया मामला**



जमीन माफिया की इस कारगुजारी को एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने उजागर किया है। मामला एनएच 122 (पुराना एनएच 28) रामदयालु अतरदह उर्फ सलाहपुर बुधन का है, जहां एक दो नहीं बल्कि सरकारी जमीन पर दर्जनों पक्का मकान बन चुके हैं। हाल ही में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने रामदयालु में आरओबी और समस्तीपुर रोड को फोरलेन बनाने का शिलान्यास किया था, लेकिन अतिक्रमण इसमें बड़ी बाधा है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने डीएम को उक्त जमीन संबंधित सभी कागजात साक्ष्य और अतिक्रमण की फोटो उपलब्ध कराते हुए अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया है। परियोजना निदेशक ने बताया है कि भू-माफिया एनएचएआई द्वारा वर्ष 1963-64 में अधिगृहीत सरकारी जमीन को आम जनता को बेचकर छल रहे हैं, जबकि उक्त जमीन के अधिग्रहण के दौरान सभी रैयत को मुआवजा भुगतान कर दिया गया था। रैयतों के मुआवजा भुगतान के दस्तावेज भी परियोजना निदेशक ने अपने पत्र में दर्ज किया है।

**दाखिल-खारिज पर रोक लगाने का सीओ से किया अनुरोध**

परियोजना निदेशक ने बताया है कि जमीन का अतिक्रमण कर इसकी खरीद-बिक्री की गई और मुशहरी अंचल से उसका दाखिल-खारिज भी किया गया। एनएचएआई ने दाखिल-खारिज पर रोक लगाने का अनुरोध सीओ से किया लेकिन कार्रवाई नहीं होने से भू माफिया धीरे-धीरे कब्जा बढ़ाते जा रहे हैं। परियोजना निदेशक ने कहा है कि मुशहरी सीओ दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए अतिक्रमण को वैध करार दे रहे हैं।



# सनी ने की आर्यन की तारीफ, कहा-चक दे फट्टे

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।

लाइफ Style



# नोरा

## मुझे बहुत पसंद है कॉमेडी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपनी आगामी फिल्म 'उफ्फ ये सियाप्पा' का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया। इस फिल्म में नोरा कामिनी के दमदार और आकर्षक किरदार में नजर आएंगी। जो एक ऐसी फिल्म की नींव रखता है, जो अनोखी और मनोरंजक होने का वादा करती है।

यह फिल्म लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसे सोशल मीडिया पर इस कैप्शन के साथ साझा किया गया। नोरा ने बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है।


सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, नोरा ने अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए कहा, मैं सुबह 'घोषणा देखकर उठी, एक ऐसी फिल्म, जिस पर मैंने महामारी के अंत के समय काम किया था। काफ़ी वक़्त हो गया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है। मैं यह देखने के लिए वाकई उत्साहित हूँ कि यह कैसी बनती है क्योंकि जब हमने इसे शूट किया था, तो हमने इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया था। तो यह एक बहुत ही भावपूर्ण फिल्म है। और यह बहुत ही अभिव्यक्तिपूर्ण फिल्म है। इसमें बेहतरीन कलाकारों की टीम है, कुछ शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बहुत मजा किया। यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है। मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

हॉलीवुड मसाला



# टायला के सेहत को लेकर उठे सवाल

**लॉस एंजेलिस।** साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्योरिटी गार्ड गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं।



# मिली बॉबी ब्राउन के घर आई नन्ही परी

**लॉस एंजेलिस।** नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन के घर नन्ही परी ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस 21 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गई हैं। इस गुड न्यूज को उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की है। पोस्ट में मिली ने बताया है कि उन्होंने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटी को गोद लिया है। इस खबर के आते ही फैंस क्यूट कपल को बधाई दे रहा है। एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस गर्मी, हमने को गोद लेकर अपनी बेटी का वेलकम किया है। हम शांति और प्राइवेसी के साथ पेरेंट्स बनने के इस खूबसूरत फेज को शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# सोनाक्षी करेंगी दहाड़-2 से शानदार वापसी

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा दहाड़ से अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन कागती ने किया था। यह शो बेहद सफल रहा था और अब यह जोड़ी दहाड़ 2 के लिए फिर से साथ आने वाली है। सूत्रों के अनुसार, रीमा कागती ने दहाड़ 2 की पटकथा तैयार कर ली है और दिसंबर 2025 में शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। स्क्रिप्ट तैयार है और वेब सीरीज़ अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। सोनाक्षी सिन्हा एसआई अंजलि भाटी की भूमिका निभाने के लिए वापसी करेंगी, जबकि अन्य किरदारों की कास्टिंग अभी चल रही है। दहाड़ की तरह, दूसरे सीजन में भी एक दमदार अभिनेता खलनायक की भूमिका में होगा और इसके लिए भी कास्टिंग चल रही है। दहाड़ 2 भारतीय समाज की वास्तविकताओं पर आधारित एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक थ्रिलर के रूप में जारी रहेगा,




# फिल्म धुरंधर के ट्रेलर को मिली मंजूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जब से फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तब से इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि सीबीएफसी की इसे मंजूरी मिल गई है। सीबीएफसी ने धुरंधर के ट्रेलर को यू/ए रेटिंग के साथ मंजूरी दी है। यानी कि अब ट्रेलर रिलीज का रास्त साफ हो गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, ट्रेलर 2 मिनट 42 सेकंड का है। हालांक, निर्माताओं ने अभी तक ट्रेलर की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रणवीर के जन्मदिन के अवसर पर 6 जुलाई को 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसे टीजर भी कहा गया था। इस टीजर में रणवीर दमदार अंदाज में दिखे थे।

# रणबीर-आलिया का नया घर 250 करोड़ में तैयार, जल्द करेंगे गृह प्रवेश

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बंगले का वीडियो फिर से वायरल हो रहा है। इसका डिजाइन चर्चा में आ गया है। करोड़ों रुपए के बंगले की एक झलक देखकर हर कोई इसका मजाक उड़ा रहा है। हालांकि, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी, आलिया-रणबीर का नया घर फैंस को पसंद नहीं आ रहा है।





**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक हैं। दोनों जल्द ही मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित अपने नए आलीशान बंगले में शिफ्ट होने वाले हैं। कपल का आलीशान बंगला अब पूरी तरह बनकर तैयार है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के नए 6 मंजिला आशियाना बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खबर है कि दोनों बहुत जल्द अपने नए घर में गृह प्रवेश करने वाले हैं।

इस हवेली में आधुनिक डिज़ाइन, रुफटॉप गार्डन और हरी-भरी बालकनी है। इसे ग्रे रंग और काले बॉर्डर से रंगा गया है। यह घर कई सालों से कपूर परिवार के पास है। पहले इसके मालिक राज कपूर थे, फिर ऋषि और नीतू कपूर। अब यह उनकी बेटी राहा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

टीवी मसाला

# बिग बॉस 19 का आगाज, घरवाले चलाएंगे 'अपनी सरकार'



**मुंबई।** टेलीविजन का सबसे बड़ा और विवादित रियलिटी शो, बिग बॉस, एक नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। 24 अगस्त को इसका ग्रैंड प्रीमियर है, जिसे सलमान खान होस्ट करेंगे। इस बार शो की थीम 'घरवालों की सरकार' है, जिसमें प्रतियोगियों को फैसले लेने का अधिकार दिया गया है। इस साल, बिग बॉस अपनी पारंपरिक भूमिका से हटकर सिर्फ नियम बनाने तक सीमित रहेगा, जबकि घर के अंदर के सभी फ़ैसले खुद प्रतियोगी लेंगे। दर्शकों के पास वोटिंग का अधिकार पहले की तरह रहेगा, लेकिन शो की पूरी बागडोर अब 'घरवालों' के हाथ में होगी। एंडेमोल शाइन के सीओओ, ऋषि नेगी के अनुसार, इस थीम को पिछले सीजन्स की प्रतिक्रिया और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।



# म्यूजिकल ड्रामा में नजर आएंगी श्रद्धा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में है। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'स्त्री 2' में देखा गया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए। लेकिन इसके बाद श्रद्धा कपूर जैसे बड़े पर्दे से गायब ही हो गई। लेकिन खबर है कि जल्द ही श्रद्धा कपूर फिर से नए अवतार में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म एक पीरियड म्यूजिकल ड्रामा होगी। चलिए देखते हैं कि श्रद्धा की नई फिल्म कैसी होगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर फिर से मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन के साथ करने वाली है। वह मैडॉक फिल्म्स की अगली पीरियड म्यूजिकल ड्रामा में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ये फिल्म डांसर के जीवन पर आधारित एक अनोखी पीरियड ड्रामा होगी। खबरें हैं कि इस फिल्म के किरदार के लिए श्रद्धा कपूर ने क्लासिकल डांस की स्पेशल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, उन्होंने ही साल 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो गया है। फिल्म के मेकर्स इस फिल्म को नवंबर 2025 में फ्लोर पर लाने की प्लानिंग बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 6 महीने में पूरी की जाएगी। इसके बाद साल 2026 में फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। बता दें कि खबर थी कि श्रद्धा कपूर 'स्त्री 2' के बाद एकता कपूर की एक फीमेल लीड फिल्म में काम करेंगी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण ये डील रद्द हो गई।

# कांतारा: चैप्टर 1' ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने पूरे भारत में धूम मचा दी थी। अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा: चैप्टर 1' रिलीज के लिए तैयार है, जिससे जुड़े एक-एक अपडेट पर प्रशंसक नजर बनाए हुए हैं। फिल्म के धांसू पोस्टर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुके हैं। अब खबर है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने तेलुगू राइट्स बेचकर मोटी कमाई कर ली है। 'कांतारा' की सफलता इस बात की गवाही थी कि इसका अगला भाग आएगा तो धमाका होगा और इस धमाके की उम्मीद ने ही इसके निर्माताओं को इतनी तगड़ी कमाई करवा दी है कि आंकड़े देखकर इंडस्ट्री वालों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 125 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के तेलुगू थिएट्रिकल राइट्स 100 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर बिके हैं।

स्क्रिप्ट की एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि फिल्म करनी है या नहीं

# मिथुन की एक समय में होती थी 65 फिल्में फ्लोर पर, साल में 19 फिल्मों में काम करने का रिकॉर्ड

**मुंबई।** एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में खुलासा किया कि एक समय में उनकी 65 फ़िल्में फ्लोर पर थीं। एक खास बातचीत में मिथुन से पूछा गया कि 80 और 90 के दशक में वह सालाना कितनी फ़िल्में करते थे। सभी को चौंकाते हुए उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक समय में हमारी 65 फ़िल्में फ्लोर पर होती थीं। मेरे नाम एक साल में 19 फ़िल्में रिलीज करने का लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, तो आप उस काम के बोझ का अंदाज़ा लगा सकते हैं। मैं 380 फ़िल्में कर चुका हूं।" उनसे यह भी पूछा गया, "ऐसे दौर में जब ज़्यादातर अभिनेता सालाना कम फ़िल्में करते हैं, आपको इतनी सारी फ़िल्में करते रहने की प्रेरणा क्या देती है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सिर्फ़ एक फ़िल्म कैसे करते हैं, कहते हैं कि पढ़ते हैं। लेकिन उसके बाद क्या होता है, आप स्क्रिप्ट कितनी बार पढ़ सकते हैं। आपको पूरी फ़िल्म एक ही लाइन में समझ आ जाती है। हमने एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि हमें फ़िल्म करनी है या नहीं।



**कृपया सच जानें**

मिथुन ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि नोआखली में क्या हुआ था? यह मेरे जन्म से पहले हुआ था। बस इतना ही पता है कि 'बहुत से लोग मारे गए बस। कलकत्ता नरसंहार के मामले में भी यही हुआ था। कोई नहीं जानना चाहता कि यह कैसे और क्यों हुआ, लेकिन विवेक अग्निहोत्री कह रहे हैं, कृपया सच जानें। मिथुन ने आगे कहा, नोवाखाली में एक नरसंहार हुआ था, जिसमें लगभग 40 हजार हिंदू मारे गए थे, कलकत्ता नरसंहार में भी यही हुआ था, और लोग इसका विरोध करेंगे। यही सच है, और जैसे ही कोई सच की बात करता है, वह राजनीति से प्रेरित हो जाता है। हम इसमें क्या कर सकते हैं?

### कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता

*मिथुन ने आगे कहा, अब मैं सिर्फ़ वही फ़िल्में करता हूं, जो मुझे मेहनताना देती हैं। जैसे मैं प्रभास के साथ "फ़ौजी" कर रहा हूं। यह एक देशभक्ति से भरपूर पारिवारिक ड्रामा है, और रजनी (रजनीकांत) के साथ जेलर 2 एक अलग तरह की फिल्म है। प्रजापति 2 एक अलग तरह की फ़िल्म है, इसलिए मेरे लिए यह सब आसान है। मिथुन ने अपनी हालिया फ़िल्म "द बंगाल फ़ाइल्स" को लेकर हुए विरोध और विवाद के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप सच्चाई दिखाते हैं, वह राजनीति से प्रेरित हो जाती है। उन्होंने कहा, जैसे ही आप हकीकत दिखाते हैं, वह अपने आप राजनीति से प्रेरित हो जाती है। यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता।*

# उज्जैन में 27 अगस्त को होगा द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में 27 अगस्त को प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन 'रूहमेंटिक' का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट आस्था और प्रवाहः भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन का विमोचन किया जाएगा। आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे। यह सम्मेलन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की ओर से पर्यटन मंत्रालय और मप्र पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव एवं महानिदेशक सुमन बिल्ला और मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के अंतर्गत सरकार-उद्योग गोलमेज कॉन्फ्रेंस, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, जिम्मेदार आतिथ्य और आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर बातचीत के लिए मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में महत्वपूर्ण सत्रों आध्यात्मिक पर्यटन के निम्न आयामों पर चर्चा होगी।



■ मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत करेंगे शुभारंभ

- *मंदिर अर्थव्यवस्थाएंः जहां आस्था आजीविका से मिलती है। यह जांच करना कि मंदिर सर्किट स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को कैसे बनाए रखते हैं।*
- *महाकाल का मंडलः उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति और शहरी भविष्य - विरासत और आधुनिकीकरण की खोज। मन, शरीर और आत्मा- नई आध्यात्मिक सीमा के रूप में कल्याण - योग, आयुर्वेद और कल्याण का एकीकरण।*
- *डिजिटल में दिव्यः आध्यात्मिकता 2.0 - आध्यात्मिक पहुंच पर एआई, वीआर और एप्स का प्रभाव।*
- *पवित्र धुरी के संरक्षकः ज्योतिर्लिंग सर्किट - 12 ज्योतिर्लिंगों के सांस्कृतिक महत्व का पता लगाना।*
- *सम्मेलन के प्रतिभागी महाकालेश्वर और काल भैरव के दर्शन करेंगे तथा उज्जैन की आध्यात्मिक विरासत का अनुभव करेंगे। सम्मेलन ई-फैक्टर एक्सपीरियंस, मंदिर ऐप, आईआरसीटीसी, मान फ्लीट पार्टनर्स, केपीएमजी, इंदौर टॉक, होटल अंजुश्री, एडीटीओआई, एफएचआरएआई, आईएटीओ और टीएएआई के सहयोग से आयोजित है।*

## आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुअर दाल संघ ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, गंभीर अपराध के दोषी बंदियों की सजा यथावत रहेगी

# 14 हजार पात्र बंदियों को मिली सजा में छूट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जेल विभाग को प्रदेश की जेलों के पात्र दंडित बंदियों की सजा में लगभग 60 दिन की छूट देने के निर्देश दिए हैं।

सजा में दी गई इस छूट से विभिन्न जेलों में बंद 21 हजार बंदियों में से लगभग 14 हजार बंदी लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार की इस समय पूर्व रिहाई नीति में आतंकवादी गतिविधि, लैंगिक अपराध (पास्को, बलात्कार), मादक पदार्थ और दो से अधिक हत्या जैसे गंभीर अपराध के दोषी बंदी पात्र नहीं होते हैं, उनकी सजा यथावत रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस मानसिक तौर पर हुई कंगाल, नहीं बची शब्दों की गरिमाः सबनानी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कांग्रेस के प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के प्रति अभद्र शब्दों के प्रयोग को निंदनीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लंबे समय तक विपक्ष में रहने के कारण बौखला गए हैं। इसीलिए वो कभी महिलाओं, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नौटंकी और हास्यास्पद हरकतों के सहारे सुर्खियां बटोरना चाहते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस को मानसिक दिवालियापन का करारा जवाब देगी।



### राजधानी भोपाल का नाम भोजपाल करने 14 स्थानों पर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** भोजपाल मित्र परिषद की ने शनिवार को भोपाल का नाम 'भोजपाल' करने की मांग को लेकर 14 जगहों पर विशाल जारुकता प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे चंचल चौराहा बैरागढ़ से शुरू हुआ। भोजपाल मित्र परिषद के अध्यक्ष आशीष पांडे, कार्यक्रम समन्वयक हरिओम जटिया व महासचिव आशीष जनक ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम शहर की मूल पहचान और गौरव को वापस लाने की मांग कर रहे हैं।

### जापान प्रवास के दौरान बस्त के होनहार अविनाश से मिले सीएम साय

**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में बॉयज एंड मूर्स इंटरनेशनल कंपनी, जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और बस्तर के होनहार अविनाश तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान छग में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। सीएम ने राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक आधारभूत ढांचे और निवेशकों को मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी।

## कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी

# मध्यप्रदेश देश में इकलौता राज्य जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध

*अधिकारियों और उद्योगपतियों ने साझा किए अपने अनुभव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख सचिव खनिज संसाधन उमाकांत उमराव ने कहा कि मप्र की धरती हीरे के साथ सोना भी उगलती है। मध्यप्रदेश, देश में ऐसा इकलौता राज्य है, जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध हैं। कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी है। कई खनिज की उपलब्धता उच्च श्रेणी में है। प्रदेश के हर जिले में कोई न कोई खनिज जरूर मिलता है। शहडोल में कोल, बॉक्साइड है, छिंदवाड़ा में कोल और बैतूल में ग्रेफाइट है।

प्रमुख सचिव उमराव शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खनिजों के दोहन के लिए आवश्यक अधोसंरचना की जरूरत है। मप्र में 5 लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश के इंस्टीट्यूट से हर साल 1 लाख बच्चे पढ़कर निकलते हैं। प्रदेश में बिजली सरप्लस है और पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में ईंधन के लिए पेट्रोलियम और गैस के 12 ब्लॉक चिह्नित किए गए हैं।




### उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही सरकार

मप्र सरकार औद्योगिक इकाई स्थापित करने पर उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन में ट्रेड एग्रीमेंट के समय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस पर भी जोर दिया है। प्रधानमंत्री के इस मंत्र पर राज्य सरकार प्रदेश में आने वाले निवेशक को यह सुविधा प्रदान कर रहा है कि वह 30 दिन में अपना उद्योग शुरू कर सके। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश जन विश्वास बिल लागू किया है। प्रदेश की जनता को सरकार पर भरोसा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रदेशभर में अलग-अलग सेक्टर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। प्रदेश के समेकित विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। भोपाल में हुई जीआईएस में 30.77 लाख करोड़ के निवेश आए। उसके बाद 1 लाख करोड़ का निवेश अलग-अलग कार्यक्रमों में मिल चुका है।

### ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले

*कोल बेस्ड मीथेन 37 प्रतिशत मध्यप्रदेश प्रोड्यूस करता है। खनन क्षेत्र के बेहतर दोहन के लिए सरकार और कंपनियों की अहम भूमिका है। जबलपुर में गोल्ड का भंडार मिला है। ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले है, जिन्हें क्रिटिकल मिनरल्स कहते हैं। लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक बेल्ट चिह्नित की गई है। प्रदेश में खनिज संपदा का देश में सबसे अधिक खनन हो रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों से आह्वान किया कि देश के दिल मध्यप्रदेश आइए, यहां आपको सोना और हीरे के साथ बहुत कुछ मिलेगा।*

### उद्योगपतियों ने मध्य प्रदेश की खनन नीति की सराहना की

*मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में उद्योगपतियों ने सीएम के सामने अपने अनुभव साझा किए। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने कहा कि तांबा एक शाश्वत धातु है। भारत में तांबे के उपयोग का प्राचीन इतिहास रहा है। हमारी 12 मिलियन टन तांबा उत्पादन क्षमता में 5 टन मलजखंड खदान से आएगा। कंपनी ने 32 टन कॉपर राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। सीएम के सहयोग से मप्र को तांबा उत्पादन में अग्रणी बनाएंगे। माइनवेयर एडवायजर के एमडी कौशिक बोस ने कहा कि हमारी कंपनी मैकेनाइज माइनिंग करती है। राज्य में 450 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने मप्र सरकार और सीएम की ओर से दी जा रही सुविधिाओं के लिए आभार माना। कॉन्क्लेव में सहभागी बने अन्य उद्योगपतियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रदेश की खनन नीति की सराहना की।*

### मध्यप्रदेश में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक, बिजली सरप्लस

*प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक है। यहां बिजली सरप्लस है, जिसका 20 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी से आता है। हम 2030 तक एनर्जी बॉस्केट में 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी शामिल करेंगे। प्रदेश में कुशल और सस्ती दरों पर श्रमिक उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों से किए सभी वादे पूरे करती है। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हैं, एक और नया बनेगा। राज्य सरकार कटनी में मल्टी मॉडल इंडस्ट्रियल डिपो बनाने जा रही है। प्रदेश में 5 हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने फरवरी में 18 नई बिजनेस फ्रेंडली पॉलिसी लागू की थी।*

## डबवाली में बोले मुख्यमंत्री सैनी

# सवाल उठाने वाले जानते हैं उनके समय में कानून-व्यवस्था का दिवालिया पिटा हुआ था

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के पास आज कोई ठोस मुद्दा नहीं है। जो लोग कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, वे जानते हैं कि उनके शासनकाल में कानून-व्यवस्था का दिवालिया पिटा हुआ था। उस समय यदि किसी बेटी के साथ कोई घटना हो जाती थी तो एफआईआर तक भी दर्ज नहीं की जाती थी। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार के समय में पुलिस गति से काम कर रही है। यदि किसी व्यक्ति ने कोई अपराध किया है तो पुलिस उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा के डबवाली में आयोजित मैराथन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विधेयक लाए जाएंगे और विधायी कार्य होंगे।



### पारदर्शिता का प्रयास

संसद में लाए गए विधेयक के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि समाज में पारदर्शिता आए और जनता को राजनीतिक दलों व नेताओं पर विश्वास हो। अन्यथा स्थिति यह हो जाती थी कि लोग जेल के भीतर से भी चुनाव जीत जाते हैं। इसी कारण केंद्र सरकार यह विधेयक लेकर आई है ताकि लोकतंत्र में पारदर्शिता और विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### कुरुक्षेत्र अब बनेगा देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर, स्वच्छता को जन आंदोलन बनाएंगे :नायब

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र अब स्वच्छता में देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनेगा। इस गीता स्थली को स्वच्छ बनाने के लिए 11 सप्ताह का एक मिशन निर्धारित किया गया है। इस मिशन के तहत 24 अगस्त से 7 नवंबर तक स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान, हर गली, हर माहौल्ला के साथ स्वच्छ हरियाणा की पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को गीता ज्ञान संस्थानम में जिला प्रशासन की तरफ से स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने जिला प्रशासन की तरफ से स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान पोस्टर का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों व अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई और विधिवत रूप से 24 अगस्त से 7 नवंबर तक 11 सप्ताह के स्वच्छता मिशन का शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा शहर यह तभी संभव हो सकेगा जब कुरुक्षेत्र का प्रत्येक नागरिक स्वैच्छा के साथ सरकार और प्रशासन का सहयोग करेगा।

## धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों में पसरा मातम

# बोर पंप चालू करने के दौरान करंट लगा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में सुबह बोर पंप चालू चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बायसी के लाखपतरा निवासी रामप्रसाद राठिया सुबह साढ़े 8 बजे के आसपास अपने खेत की तरफ गया हुआ था, जहां बोर पंप चालू करने के दौरान उसकी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। काफी देर तक राम प्रसाद के घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी और भांजा जब उसे ढूंढने खेत की तरफ पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रामप्रसाद का शव खेत में पड़ा हुआ था। इस घटना की जानकारी आग की तरह गांव में फैल गई और देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। खेत में करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत की खबर मिलते ही धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले की जांच शुरू की।



### इधर फांसी पर लटका मिला अज्ञात शव

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरारीमुडा जंगल में सुबह एक अज्ञात शख्स की फांसी पर लटकती लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के आसपास बताई जा रही है। आज सुबह जंगल की तरफ गए गांव के ग्रामीणों ने फांसी पर लटकती लाश देखी। जिसके बाद पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। घटना की जानकारी के बाद धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए उसकी शिनाख्त में जुट गई है।

## तीन लोगों को गंभीर चोट, पामगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

# तेज रफ्तार बाइक-स्कूटी भिड़ीं, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के कोसला-भदरा मार्ग के कोसाबाड़ी मार्ग में स्कूटी और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई है। हादसे में 25 वर्षीय युवक अजित कश्यप की मौत हुई है। वहीं, 3 लोगों को भी गंभीर चोट आई है। घटना शनिवार की शाम 4 से 5 बजे के बीच हुई है। पामगढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी अनुसार, मृतक अजित कश्यप अपने बाइक में गांव के उमेंद्र पटेल और बेटा शंकर पटेल के साथ पामगढ़ किसी काम से गए थे, जहां काम होने के बाद पामगढ़ से अपने गांव कोसला वापस लौट रहे थे।

वहीं, स्कूटी सवार पनगांव का 28 वर्षीय युवक युवराज साहू सब्जी बेचने के लिए भदरा गांव साप्ताहिक बाजार जा रहा था। इस दौरान कोसाबाड़ी के पास दोनों तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियों के फरखच्चे उड़ गए। वहीं, बाइक चला रहे अजित कश्यप के सिर पर गंभीर चोट आई थी। उमेंद्र पटेल और बेटे शंकर पटेल जोकि बाइक में बैठे थे उन्हें भी गंभीर चोट आई है। स्कूटी सवार युवक युवराज साहू को भी गंभीर रूप से चोट आई। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल पामगढ़ ले जाया गया। जिसमें अजीत कश्यप की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर सिम्स अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज जारी है।



## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, मंत्री पटेल ने दिलाई कांग्रेसियों को पार्टी की सदस्यता

# भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं, सबको मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस नेताओं सहित करीब 280 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, जिला यूथ कांग्रेस महामंत्री आदित्य स्थापक सहित 280 से अधिक कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।




### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की परख नहीं होतीः उपाध्याय

बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे राजेश उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस में पार्टी के कार्यकर्ताओं की पूछ-परख नहीं होती, इसलिए भारतीय जनता पार्टी में आने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है।

### देश को बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी के परिवार को बढ़ाने के साथ-साथ देश को बढ़ाने का कार्य करेंगे। हमारी पार्टी में जितना मान-सम्मान पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलता है उतना ही सम्मान आपको मिलेगा। भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता सबको सम्मान मिलता है। किसी भी छोटे से कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिल जाती है और वो उसे ईमानदारी के साथ निभाता है। आप सभी ने दिल से कांग्रेस का कार्य किया होगा, लेकिन कांग्रेस में जमीनी कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन नहीं होता। वहां पर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों का मूल्यांकन होता है और फील्ड में काम करने वालों को नजरअंदाज किया जाता है। इसलिए कांग्रेस का परिवार रोज घट रहा है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है।

### श्रम विभाग के अफसरों एवं निरीक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**भोपाल।** श्रम कानूनों को लेकर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन, ग्रेच्युटी अधिनियम, उपकर निर्धारण एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्स की ओर से सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसका शुभारम्भ सचिव रघुराज राजेन्द्रन तथा श्रमायुक्त रजनी सिंहने किया। अपर सचिव बसंत कुर्रे, अपर श्रमायुक्त प्रभात दुबे एवं श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य सहित बड़ी संख्या में निरीक्षक उपस्थित थे।

## सुकमा के मेट्टागुड़ा कैम्प थाना क्षेत्र का मामला

# भारी मात्रा में मिला विस्फोटक हथियार, लोहे की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। जिला सुकमा के मेट्टागुड़ा कैम्प क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा जंगल-पहाड़ों में छुपाए गए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी।



अभियान में 203 कोबरा बटालियन, 241 बस्तर बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल के जवान शामिल थे। इस दौरान टीम ने ग्राम बोटेलंका, ईरापल्ली, कोईमेंटा पहाड़ी और दारेली के आसपास सघन सर्चिंग अभियान चलाया।

चिंतन

# भारत को सचेत आर्थिक सुधारों की त्वरित जरूरत

मौजूदा खौफनाक टैरिफ दौर में भारत को अपने सचेत आर्थिक सुधारों की जरूरत है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए आर्थिक सुधारों का खाका पेश किया है। इससे पहले भी अनेक अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संगठनों ने भारत में अगले चरण के आर्थिक सुधार में तेजी लाने का सुझाव दिया है। इसी वर्ष फरवरी में विश्व बैंक ने भारत को चिली, दक्षिण कोरिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तेजी से नए सुधार की जरूरत है। वर्ष 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे बाद की सरकारों ने आगे बढ़ाया। अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सुधारों में और तेजी आई। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तो कई सुधार किए गए। जनधन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीएसटी, नोटबंदी, पीएलआई, एफडीआई नियमों में ढील समेत अनेक सुधार किए गए, लेकिन कुछेक वर्षों से देश में आर्थिक क्षेत्र में नीतिगत स्टैगनेशन है। अभी जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में उच्च टैरिफ वार छेड़ा है, उससे वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। इसी के साथ भारत ने जो अपने लिए वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे देखते हुए देश में अगले चरण के आर्थिक सुधार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है। सीआईआई ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का जो खाका पेश किया है, उसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सावजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है। सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका की बात है। 15 अगस्त को लाल किले से पीएम मोदी ने जीएसटी में सुधार का ऐलान किया और सरकार जीएसटी के चार से दो स्लैब करने की तैयारी कर रही है। विश्व बैंक ने फरवरी की रिपोर्ट में कहा था कि भारत को 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसतन 6.3 प्रतिशत की विकास दर रही है। संकेत साफ है कि जीडीपी में गति लाने के लिए धरेलू खपत के साथ निर्यात अर्थव्यवस्था की रफ्तार निरंतर बनाए रखनी होगी। भारत को सार्वजनिक व निजी निवेश में जीडीपी के 40 फीसदी तक वृद्धि, एफडीआई के नए द्वार खोलने, श्रम शक्ति भागीदारी को 70 फीसदी के स्तर पर ले जाना, नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, स्ट्रक्चरल सुधार व प्रौद्योगिकीकरण में तेजी, राज्यों में आर्थिक समावेशन व गतिविधियों को तेज करने के साथ उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। निर्यात के लिए एफटीए के जरिये नए बाजार का जाल तैयार करना होगा।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही आपदाएं व इंसानी दखल

बीते कुछ सालों से हिमालय का पर्वतीय अंचल आपदाओं के कहर से दो-चार हो रहा है। वह चाहे 2013 की केदारनाथ की आपदा हो, 2021 में ऋषिगंगा की आपदा हो, सिक्किम की 2023 की ल्होनक में ग्लेशियर झील के फटने की हो, जोशीमठ की भूधंसाव की घटना हो, बीते दिनों धराली और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना हो या फिर बीते रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी में बादल फटने तथा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भूस्खलन की घटना हो, इन सबके पीछे जलवायु परिवर्तन तो एक अहम कारण है ही। मानसून कहें या मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव, अरब सागर में गर्म होती हवायें, मध्य एशिया में तेजी से बढ़ता तापमान और दक्षिण - पश्चिमी हवाओं का उत्तर की ओर झुकाव के साथ उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का तूफानी पैटर्न है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण प्रकृति में इंसानी दखल भी है जिसका खामियाजा हम भीषण तबाही के रूप में साल दर साल ऐसी आपदाओं के नतीजे के रूप में भुगत रहे हैं। अब तो ये आपदायें आये-दिन की बात हो गयी हैं। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता। असलियत यह है कि यह सब प्राकृतिक आपदायें हमारी नीतिगत विफलताओं का जीता-जागता सबूत हैं जबकि बरसों से समूची दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समय-समय पर जारी रिपोर्टें, शोध और अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि पहाड़ों पर अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण, पहाड़ों को काटकर या विस्फोट के जरिए नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं, रेल मार्ग का निर्माण, बेतहाशा खुदाई, नदी-नालों के कुदरती मार्गों में अवरोध पैदा करने से आपदाओं को हम खुद-ब-खुद निमंत्रण दे रहे हैं। किंतु विकास के नाम पर सरकारी लापरवाही का आलम यह है कि संवेदनशील भूस्खलन वाले इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों, आवासीय भवनों, होटलों और सड़कों का निर्माण आज भी अनियंत्रित रूप से निर्बाध गति से जारी है। यहां यह गौरतलब है कि जब धरती की सतह बार-बार खोदी जाती है, पहाड़ों का सीना बारम्बार चीरा जाता है, काटा जाता है, उस स्थिति में बारिश की हर बूंद उस नाजुक धरातल को चीरते हुए बहुत तेजी से बह निकलती है। नतीजतन मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती है और आपदा का आकार कई सौ गुणा बढ़ जाता है। यही वह अहम कारण है कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि जलवायु में आ रहे बदलाव और पहाड़ों पर विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण विनाश का कारण बन रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि ऊंचे इलाकों में एक डिग्री तापमान बढ़ने पर वर्षा की तीव्रता 15 फीसदी बढ़ जाती है। यह कि जब गर्म समुद्री हवा भारी नमी लेकर हिमालय से टकराती हैं तब पहाड़ उसे रोकते हैं। इससे क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनते हैं जो 50,000 फीट ऊंचाई तक जा सकते हैं और जब ये फटते हैं तो अपने साथ पूरी की पूरी घाटी में भीषण तबाही लाते हैं। इस बारे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डीआरडीओ की मानें तो हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 15 मीटर पीछे खिसक रहे हैं या पीछे हट रहे हैं। कहीं- कहीं कुछ इलाकों में ग्लेशियर के पीछे हटने की दर 20 मीटर से भी ज्यादा है। दरअसल जब-जब और जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उसके नीचे की जमीन अस्थिर होती जाती है। पिघलती बर्फ, दरकती चट्टानें और अचानक बनने वाली झीलें सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इनके टूटने से भयंकर तबाही आती है, गांव के गांव बह जाते हैं। ये आपदायें आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। प्रकृति की संवेदनशीलता के प्रति हमें अति संवेदनशील होना होगा। यदि हम प्रकृति से खिलवाड करेंगे तो निश्चित है कि हमें ऐसी आपदाओं से आये-दिन दो-चार होना पड़ेगा। सरकार के साथ हमारी भी जवाबदेही है। हमें व सरकार को भूविज्ञानियों,पर्यावरणविदों की संस्तुति-चेतावनियों को मानना होगा जिन्हें हम बराबर नकारते आ रहे हैं। उसका खामियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में भौगोलिक पर्यावरणीय दृष्टि से अर्ली वार्निंग प्रणाली पर तत्काल काम करना होगा और क्षेत्र वार आपदा जोखिम की पहचान के साथ साथ उसके न्यूनीकरण के लिए भी हर समय न केवल तैयार रहना होगा बल्कि उसके लिए प्राथमिकता के आधार पर काम भी करना होगा। यह जानते हुए कि पर्वतीय इलाकों में मैदानी इलाकों की तरह काम नहीं हो सकता। इसके लिए अलग दृष्टिकोण की जरूरत है। इसमें हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रकृति की राह में यदि हम आये तो उसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत
राज कुमार सिंह

# उप-राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणायन राजनीति

उप राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा। उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है।

उप राष्ट्रपति चुनाव ने भारतीय राजनीति को दक्षिणायन बना दिया है। मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने से पूर्व राधाकृष्णन मूलतः भाजपा के नेता रहे हैं। रेड्डी पर अभी तक राजनीतिक पहचान का ठप्पा नहीं रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति- उप राष्ट्रपति का पद संवैधानिक माना जाता है, लेकिन उसके लिए चुनाव राजनीतिक तिकड़मों से मुक्त नहीं रह पाता।

'मिसाइल मैन' अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने जैसे उदाहरण अपवादस्वरूप ही हैं। बेशक उसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक महीने पहले 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के बीच ही रहस्यमयी इस्तीफे के चलते इस उप राष्ट्रपति चुनाव की नौबत आयी है। जैसा कि अक्सर होता है, धनखड़ के इस्तीफे के तुरंत बाद मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस पद के लिए राजग के संभावित उम्मीदवार की अटकलें शुरू हो गयी थीं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से शुरू अटकलें बाद में संघ-भाजपा के निष्ठावानों के नामों पर सिमट गयीं। जनता दल से राजनीति शुरू कर कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आये धनखड़ के साथ कटु अनुभव के बाद पार्टी ने वैसा जोखिम नहीं उठाया। वैसे सीपी राधाकृष्णन के चयन से इस धारणा को बल मिला है कि दौड़ में आगे बताये जाने वाले अक्सर भाजपा में मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। हां, राज्यपाल रहे व्यक्ति को राष्ट्रपति–उप राष्ट्रपति बनाने का भाजपाई रुझान बरकरार है। पहले बिहार के उप राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो फिर पश्चिम बंगाल के उप राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन की बारी है। नौ सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा (पूर्व में जनसंघ) के प्रति निष्ठावान रहे राधाकृष्णन पर दांव के मूल में दक्षिण भारत में राजनीतिक बिसात बिछाने की कवायद भी साफ समझी जा सकती है। केंद्र समेत तमाम राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा का दक्षिण भारत में एकमात्र सत्ता-दुर्ग कर्नाटक ही बन पाया था, जो 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया। इसलिए तमिलनाडु के प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दक्षिण में अपने प्रसार की रणनीति भी बनायी है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्दगिर्द घूमती रही है, लेकिन जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के बिखराव में भाजपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है। दूसरे, तमिल उम्मीदवार के चलते वहां के सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भी समर्थन के लिए दबाव बनाने की रणनीति भाजपा की रही होगी। द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजबूत घटक दल है और उसकी सरकार की केंद्र सरकार से तल्खी



किसी से छिपी नहीं है। फिर भी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का दबाव दिखा, जब द्रमुक ने तमिलनाडु से ही 'इंडिया' का उम्मीदवार बनाने की इच्छा जतायी। कुछ नामों पर विचार भी हुआ, लेकिन टीएमसी की गैर राजनीतिक उम्मीदवार की इच्छा ने बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के द्वार खोल कर उप राष्ट्रपति चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।


रेड्डी भी दक्षिण भारत से ही आते हैं, लेकिन तमिलनाडु के बजाय आंध्र प्रदेश से, जहां अब चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग सरकार है। नीतीश कुमार की तरह पाला बदल के लिए चर्चित नायडू की पार्टी टीडीपी की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में बड़ी भूमिका रही है। अगर तमिल उम्मीदवार से द्रमुक पर समर्थन का दबाव बन सकता है, तब क्या तेलुगु उम्मीदवार से टीडीपी समेत अन्य तेलुगु दलों पर समर्थन का दबाव नहीं बनेगा? मुख्य विपक्षी दल वाईएसआरसीपी राजग और 'इंडिया' के बीच तटस्थ रही है, पर उप राष्ट्रपति चुनाव में उसे किसी एक उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला करना ही पड़ेगा। फिर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना भी तेलुगु राज्य है। वहां अब कांग्रेस की सरकार है, पर मुख्य विपक्षी बीआरएस के पास भी राज्यसभा में चार सांसद हैं। बेशक उप राष्ट्रपति चुनने वाले लोकसभा और राज्यसभा सांसदों में बहुमत का गणित भाजपा के पक्ष में साफ नजर आता है, पर लगभग सवा सौ सांसद उन दलों के भी हैं, जो खुद को तटस्थ कहते हैं, लेकिन तटस्थता का राग इस चुनाव में तो छोड़ना ही पड़ेगा। जाहिर है, देश के नये उप राष्ट्रपति, जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं, के चुनावी समीकरण को तटस्थ दलों की भूमिका काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। विपक्ष के लिए पहला शुभ संकेत यही है कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले कांग्रेस से तल्खी के चलते 'इंडिया' से नाता तोड़ लेने वाली आप ने सुदर्शन रेड्डी के समर्थन का ऐलान किया है। टीएमसी के गैर राजनीतिक उम्मीदवार के सुझाव के पीछे निश्चय ही दलगत राजनीति से परे भी समर्थन जुटा सकने की रणनीति रही होगी। दरअसल विपक्ष उप राष्ट्रपति चुनाव को दो विचारधाराओं का मुकाबला बना कर अपने अंतर्विरोधों को छिपाते हुए आने वाले चुनावों के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को गति देना चाहता है। पिछले उप राष्ट्रपति चुनाव से कांग्रेस ने भी सबक सीखा लगता है।

पिछली बार कांग्रेस ने धनखड़ के विरुद्ध संपूर्ण विपक्ष को विश्वास में लिए बिना अपनी नेत्री मारग्रेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया था। जिस बैठक में अल्वा का नाम तय हुआ, टीएमसी और आप उसमें शामिल नहीं हुईं। बाद में आप ने तो अल्वा का समर्थन कर भी दिया, लेकिन ममता की टीएमसी दूर ही रही। इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार विपक्ष पर थोपने की गलती नहीं दोहरायी है। बेशक दोनों की उम्मीदवार इस पद के योग्य हैं। राधाकृष्णन महाराष्ट्र से पहले झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं तो रेड्डी गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा।

हां, यह अवश्य विचारणीय है कि अभी तक दूर ही रहे रेड्डी ने एक मुश्किल चुनाव लड़ कर खुद पर राजनीतिक रुझान का ठप्पा लगवाने का जोखिम क्यों उठाया है, क्योंकि उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है। इसीलिए उस पर आसीन व्यक्ति राजनीतिक रुझान से मुक्त कम ही नजर आते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत के अंतरिक्ष की ओर बढ़ते कदम

23 अगस्त 2023 को चंद्रयान–3 को चांद पर इसरो ने सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया था। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की और जहां चंद्रयान–3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का नाम दिया। चंद्रयान–3 को संचालित करने में महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने जो भूमिका निभाई, उसने एक तो उन लोगों को आईना दिखाया जो बेटियों को कमजोर समझते हैं, दूसरा चंद्रयान–3 की लैंडिंग के समारोह में इन वैज्ञानिकों ने देश की संस्कृति के अनुसार जो पहनावा पाया था और श्रृंगार किया था, उसने सारी दुनिया को हमारी संस्कृति से परिचित कराया। *–अनित मिश्रा, जगदलपुर*

### करंट अफेयर

## द. अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग

अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर–लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग



तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है। देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वादा किया है कि वह अमेरिका के सहायता वापस लेने से अपने एचआईवी कार्यक्रम को ध्वस्त नहीं होने देगी। यौनकर्मी दक्षिण अफ्रीका के सबसे असुरक्षित वर्ग के लोग माने जाते हैं क्योंकि उनका काम अवैध है।

### ऑफ बीट

## मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स – मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं – विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल–कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला–आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।



### ट्रेंड

#### ई-केवाईसी अनिवार्य

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है।
**- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय खाद्य मंत्री**



#### आपदा का दंश

आपदा का स्वरूप और दायरा बढ़ता जा रहा है, आज प्रदेश के कई जिले आपदा की चपेट में हैं। सरकार से आग्रह है कि आपदा का दंश झेल रहे लोगों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा और जल्दी से जल्दी मदद की जाए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**



#### बदले की राजनीति

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूँ। मैं श्रीलंका सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह बदले की राजनीति का त्याग करे और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस गरिमा के साथ पेश आए जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं।
**- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस**



#### बैंकों की सख्ती

बैंक जिस तरह ग़रीब किसान से क़र्ज़ के पैसे वसूल रही है अगर वो सख़्ती, भाजपा का प्रश्रय प्राप्त उन खरबपतियों के ख़िलाफ़ दिखाई होती जो कई लाख करोड़ लेकर फरार हो गये तो आज अर्थव्यवस्था, कारोबार और किसानी की इतनी दुर्दशा न होती।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

दिल्ली में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन

# 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष शामिल

*दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी*

**दिल्ली विधानसभा में आयोजन**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष आदि भाग ले रहे हैं। विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर होने पर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

कार्यक्रम में दिग्गज नेताओं ने दिया उदबोधन दो दिन चलेगा

## संसद और विधानसभाएं सुचारू रूप से चलें



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली विधानसभा में अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन 2025 में कहा कि संसद और विधानसभा संसदीय लोकतंत्र के केंद्र बिंदु हैं। अगर संसद और विधानसभा ठीक से काम नहीं करेंगी, तो लोकतंत्र पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। संसद और विधानसभा का सुचारू रूप से चलना और सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। विपक्ष सरकार की आलोचना कर सकता है, लेकिन काम में बाधा डालना, यानी देश को काम न करने देना, गलत है।

**कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे**

रिजजू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस बहुत ही उपयोगी और बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि मुझे विश्वास है कि बहुत अच्छी तरह से आप लोगों के बीच में विचार विमर्श करके सही रिकमेंडेशंस आगे आएंगी। कहा कि यह कहना मुश्किल है कौन विधानसभा सदन में अध्यक्ष कैसे बेहतर सदन चलाते हैं। सभी के कुछ थोड़ा बहुत नियम में बदलाव है। उम्मीद है कि इस सम्मेलन से कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे तो बहुत अच्छा होगा।

### शाह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे

गृह मंत्री शाह विठ्ठलभाई पटेल के सम्मान में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इसके अलावा, शाह दिल्ली विधानसभा की 100 साल से अधिक की यात्रा को दर्शाने वाली एक अनूठी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

### लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती: स्पीकर गुप्ता

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में सम्मेलन के महत्व को रेखांकित किया, जहां लोकतंत्र को मजबूत करने और विधायी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। दरअसल, यह आयोजन राज्यों के बीच सहयोग और अनुभव साझा करने का अनूठा मंच है। आशा है कि यहां सभी को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा लेंगे।

### लोकतांत्रिक परंपराएं मजबूत होंगी: बिस्ट

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन को लेकर शनिवार को तैयारियों का निरीक्षण किया। गुप्ता ने कहा है कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने, जवाबदेही बढ़ाने के हमारे संकल्प को भी दोहराता है।

**140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षा: राज्यपाल**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय लोकतंत्र की शक्ति एवं संजीविता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद विधानसभाएं एवं विधान परिषदें भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही हमारी पहचान है। आप सभी इन निर्वाचित अधिकारी होने के नाते हमारे लोकतंत्र संरचना को बेहतर बनाने की बड़ी जिम्मेदारी का निर्माण करते हैं।

**खबर संक्षेप**

### मुंबई में नशेड़ियों का पुलिसवालों पर हमला



**महाराष्ट्र।** मुंबई के देवनार इलाके में गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों पर गांजा पी रहे नशेड़ियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस हवलदार भालेराव और सिपाही सूर्यवंशी घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात लगभग 10:45 बजे अंटलाटा गार्डन मैदान में हुई। पुलिस ने इस संबंध में 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### सपा नेता ने की बलिया का नाम बदलने की मांग



**लखनऊ।** यूपी में नाम बदलने की राजनीति को लेकर अक्सर भाजपा का नाम आता है लेकिन अब सपा के सांसद भी नाम बदलने की मांग के साथ राजनीति में कूद पड़े है। बलिया से सपा सांसद सनातन पांडे ने बलिया का नाम बदलने की मांग कर दी है। पांडे ने कहा कि बलिया का नाम शहीद मंगल पांडे के नाम पर रखा जाय तो मैं इसका स्वागत कराता हूं।

### फांसी की सजा बदली अब 40 साल की उम्रकैद



**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक दंपती को, जिन पर एक साल के मासूम बच्चे की हत्या का दोष साबित हुआ था, मिली फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया है। अदालत ने साफ कहा कि दुर्लभ की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए कम से कम 40 साल जेल में रहें।

### एक किमी तक चीखती रही, टेंपो से कूदी महिला



**मेरठ।** यहां के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली निवासी 35 वर्षीय महिला से चलते टेंपो में चालक ने दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। आबरू बचाने महिला एमआईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास चलते टेंपो से कूद गई।

### होशियारपुर में अब तक 7 लोगों ने तोड़ा दम



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार आधी रात होशियारपुर-जालंधर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर ब्लास्ट मामले में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 13 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। तीन मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शनिवार रात व रविवार सुबह अस्पताल में दाखिल चार मरीजों ने दम तोड़ दिया है।

राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर रविशंकर प्रसाद का वार

# बेशर्मी से झूठ बोल रहे तेजस्वी और राहुल लोकसभा चुनाव का फरेब जनता समझ गई

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उनके सभी आरोपों को नकार दिया

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनके साथ तेजस्वी यादव प्रतिदिन आरोप लगा रहे हैं कि वोट की चोरी नहीं होने देंगे। ये लोग जहां जीतते हैं, वहां इनको कोई दिक्कत नहीं होती है। लोकसभा चुनाव में यूपी में समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिली, भाजपा को 33 और कांग्रेस को 6 सीट मिली थीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। अब उन्हें जनता वोट नहीं दे रही है तो चुनाव आयोग खराब है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा को 9 सीट मिली एनसीपी को 8, शिवसेना को 9 सीटें मिलीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। हिमाचल और तेलंगाना में उनकी सरकार बनी तब चुनाव आयोग ठीक था। रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी बड़ी बेशर्मी से हर संवैधानिक संस्था पर आरोप लगा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इन लोगों ने संविधान बदलने का धोखा और फरेब बनाया था, इसे जनता समझ गई और अब इन्हें वोट नहीं दे रही है। हरियाणा, दिल्ली सब जगह सूपड़ा साफ हो गया।

**लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा को 37, भाजपा को 33 व कांग्रेस को 6 सीट मिली तब ईसी ठीक रहा**

*क्या 2-2 जगह से वोट डाले जाएं, मृतक भी मतदान करें*

जनता इनकी सभी चालों को जान चुकी



रविशंकर ने पूछा कि क्या दो जगह से वोटर हैं, उन्हें दोनों जगह वोट देने दिया जाए या जो मर गए, वे वोट डालेंगे या जो शिफ्ट कर गए, वे वोट डालेंगे? राहुल आरोप लगाते हैं कि स्पीकर बोलने नहीं देते। जब बोलते है तो बंद नहीं होते। ऐसा ऐसा ज्ञान देते हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता। राहुल देश के पीएम बने और तेजस्वी यहां के सीएम बने, वही इनकी सोच है। जनता इन्हें ऐसा होने नहीं देगी।

**99 फीसदी लोगों ने अपना काम पूरा किया, जबरन ऑब्जेक्शन कर रहे**

रविशंकर ने कहा कि वे राहुल की तरह बकवास नहीं करते हैं। 98.2 फीसदी लोगों ने कागजात जमा कर दिए और नाम मात्र का दावा आया है। 99 फीसदी लोगों ने अपना काम कर दिया। अभी 1 सितंबर तक समय भी बचा है। एक लाख 60 हजार बीएलओ में एक भी ऑब्जेक्शन नहीं आया। अब इसमें क्या परेशानी है।

**तेजस्वी भी पार्टी को डुबा रहे, जनता चुन रही**

रविशंकर ने कहा कि राहुल के संपर्क में आकर तेजस्वी ने कहा कि मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। जिस देश की जनता ने तीन तीन बार उन्हें पीएम चुना, उन्हें तेजस्वी कहते हैं कि ऐसा झूठा नहीं देखा। तेजस्वी माफी मांगें।

**क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे?**

रविशंकर ने कहा कि राहुल को एक बार सुप्रीम कोर्ट ने डांट लगाई तो माफी मांगी। उन्होंने चौकीदार चोर है, मीडिया बिकाऊ है, क्या क्या आरोप लगाए हैं।यह शर्मशार करने वाला है।क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे›

**खतरनाक रास्ते पर जा रहे राहुल', सोरोस ने अस्थिर करने एक ट्रिलियन डॉलर जमा किए**

रिजिजू का बड़ा हमला



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल कुछ बोलते हैं, उनके सारे सांसद बहुत असहज हो जाते हैं। वो डरते हैं ये अनाप-शनाप बातें करेंगे। राहुलबहुत खतरनाक रास्ते पर जा रहे हैं। जॉर्ज सोरोस कहते हैं कि भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए एक ट्रिलियन डॉलर रखे गए हैं।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई भी देश को अस्थिर नहीं कर सकता**

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तो वे और भारत विरोधी ताकतें मिलकर सरकार और संस्थाओं पर हमला करना शुरू कर देती हैं ताकि जनता का इस देश की संस्थाओं से विश्वास उठ जाए। वे बार-बार कहते रहे हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग बिक चुके हैं। जब वे देश और सरकार की विश्वसनीयता कमजोर करने की साजिश रचते हैं। वे वामपंथी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। पीएम मोदी को नेतृत्व में देश को कोई अस्थिर नहीं कर सकता है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल ने एसआईआर को संस्थागत वोट चोरी करना बताया

## चुनाव आयोग निष्पक्ष होता तो हलफनामा अनुराग ठाकुर से भी मांगता: राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एसआईआर को संस्थागत वोट चोरी बताते हुए कहा कि इसके जरिए बिहार में 65 लाख लोगों के नाम काटे गए, लेकिन भाजपा ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं की। इसका कारण है कि चुनाव चोरी करने के लिए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है।

राहुल रविवार को बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के आठवें दिन अररिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी संस्थापक मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अखिलेश प्रसाद सिंह, पप्पू यादव, समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

यात्रा के दौरान राहुल का खास अंदाज देखने को मिला। वे सड़कों पर बुलेट बाइक चलाते दिखे। बाइक की पिछली सीट पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सवार थे। इस दौरान लोगों का जोश देखने लायक था। राहुल के पीछे स्थानीय लोग कांग्रेस, राजद समेत इंडिया गठबंधन के दलों का झंडा लिए हुए बाइक पर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। राहुल भी यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से गदगद नजर आए। राहुल ने कहा कि यात्रा को पूरे बिहार में जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है और लोग स्वेच्छा से इसमें शामिल हो रहे हैं। करोड़ों लोग चुनावी गड़बड़ी और वोट चोरी के मुद्दे के खिलाफ एकजुट हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी सही मतदाता सूची तैयार करना है, लेकिन उसने महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में भी यह जिम्मेदारी नहीं निभाई। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन आयोग पर पूरा दबाव बनाएगा और बिहार में वोट चोरी नहीं करने दी जाएगी। राहुल ने आयोग के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से सिर्फ उन लोगों के नाम काटे गए हैं जो या तो पलायन कर गए हैं या मृत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बिहार में ऐसे लोग रोज मिल रहे हैं जो जिंदा हैं, लेकिन उनके वोट मृत बताकर काट दिए गए हैं। उन्हें ऐसे लोग भी मिल रहे हैं जिन्होंने पिछले 5-6 चुनावों में वोट डाला है, लेकिन अब उनका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे भी उनके पास आकर कान में वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा बोल रहे हैं। बच्चा-बच्चा जागरूक हो गया है। राहुल ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख फर्जी वोटरों का डेटा सामने रखा था, लेकिन आयोग का जवाब नहीं आया। आयोग उनसे हलफनामा मांगता है, वहीं जब भाजपा नेता अनुराग ठाकुर अफर्जी वोटरों की वही बात दोहराते हैं तो उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा जाता।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बोले

# जिला अध्यक्ष कांग्रेस की रीढ़, वोट चोरी रोकना अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी



खरगे ने हरियाणा और मध्यप्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों से मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज, रविवार को हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों से मुलाक़ात की और उन्हें संगठन की मजबूती के लिए स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को कांग्रेस ने "संगठन सृजन का साल" घोषित किया है और उनकी भूमिका सबसे अहम होगी।

### राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा '

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि राहुल गांधी बिहार में वोट चोरी के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे हैं, जिसमें लाखों लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनता को बताना होगा कि वोट का सार्वभौमिक अधिकार कांग्रेस की देन है और राजीव गांधी ने ही युवाओं के लिए वोटिंग की उम्र 21 से घटाकर 18 की थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों को नसीहत दी कि वे अपने संगठन को पूरी तरह यूनाइटेड रखें। उन्होंने कहा कि गुटबाज़ी कांग्रेस को कमजोर करती है। जब कांग्रेस एकजुट रहती है तभी जीत मिलती है।

### जिला अध्यक्षों को दी बड़ी जिम्मेदारी

खरगे ने कहा कि जिला अध्यक्ष कांग्रेस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी होते हैं। राज्य की सरकार बनानी हो या लोकसभा में सफलता पानी हो, हर चुनाव की जीत उनकी मेहनत और ईमानदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे जब ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर की कमेटियां बनाएं तो उसमें सिर्फ़ मेहनती, ईमानदार और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए लोग शामिल हों।

### भाजपा पर वोट चोरी के गंभीर आरोप

अपने संबोधन में खरगे ने 2024 हरियाणा विधानसभा और 2023 मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस बेहद मामूली अंतर से सत्ता से बाहर रह गई। हरियाणा में कांग्रेस सिर्फ 8 सीटों से पीछे रही। अगर 22 हज़ार वोट और मिलते तो आज हमारी सरकार होती। मध्य प्रदेश में 27 सीटों पर वोट चोरी हुई। 7 महीने में सिर्फ़ 4 लाख वोट बढ़े जबकि अचानक 2 महीने में 16 लाख वोट बढ़ गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी प्रस्तुति में विस्तार से दिखाया है कि किस तरह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर सुनियोजित तरीके से वोट चोरी की गई। खड़गे बोले कि चुनाव आयोग शुरू में चुप रहा, लेकिन अब पूरा देश यह सच्चाई समझ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा वोटर पुनरीक्षण योजना के जरिये विपक्षी वोटरों के नाम काट रही है। बिहार में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की दलीलों को खारिज कर बड़ा झटका दिया है। उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा कि उन्हें लगातार अपनी वोटर लिस्ट की इंटेंसिव जांच करनी होगी ताकि अगर भाजपा या उसके बीएलओ कार्यकर्ता हमारे समर्थकों के नाम काटें तो तुरंत पकड़ में आ सके।

### खरगे ने की 5 बड़ी बातें

- संगठन सृजन का साल 2025 – कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस साल पार्टी का पूरा फोकस संगठन को मज़बूत करने पर रहेगा।
- वोट चोरी पर सीधा वार – हरियाणा और मध्य प्रदेश में सीटें हारने के पीछे वोट चोरी को जिम्मेदार ठहराया, चुनाव आयोग पर चुप्पी साधने का आरोप।
- एसआईआर योजना से सावधान रहने की चेतावनी – जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपनी वोटर लिस्ट की गहन जांच करें ताकि नाम काटने की साज़िश न हो पाए।
- राहुल गांधी की "वोटर अधिकार यात्रा" से जनता को याद दिलाना होगा कि वोट का अधिकार कांग्रेस की देन है।
- मोदी सरकार पर हमला – भाजपा पर "वोट चोरी और सत्ता चोरी" का आरोप, विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई से फंसाने की साज़िश और भ्रष्ट नेताओं को मंत्री बनाने का दावा।

कांग्रेस नेताओं को भा रहा संघ का गीत!

## शिवकुमार के बाद रंगनाथ ने तारीफ, पंक्तियां भी गाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक की राजनीति से गजब की तस्वीर देखने को मिल रही है। पिछले दिनों कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गाई। कांग्रेस विधायक एच डी रंगनाथ ने भी आरएसएस के प्रार्थना की कुछ लाइन गाई ,इनकी तारीफ भी की। पत्रकारों से बात करते हुए रंगनाथ ने आरएसएस के गान 'नमस्ते सदा वत्सले' की शुरुआती पंक्तियां गाईं।

### प्रार्थना की शुरुआती पंक्तियां गाईं

इतना ही नहीं, उन्होंने संघ के गीत को एक बेदह अच्छा गीत भी बताया। विधायक ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में गाए जाने के बाद उन्होंने भी इसे सुना। रंगनाथ ने कहा कि मैंने इसका अर्थ पढ़ा। इसमें कहा गया कि हमें उस धरती को नमन करना चाहिए जहां हम पैदा हुए हैं। मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। हमारी पार्टी एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। हमें दूसरों की अच्छी बातें स्वीकार करनी चाहिए।

सीएम धामी ने रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से की मुलाकात

# सरकार आपके साथ खड़ी, हर संभव मदद देंगे

**थराली में बादल फटने से और भूस्खलन ने मचाई थी तबाही**

एजेंसी ▶▶ थराली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों से रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि थराली आपदा से प्रभावित बहनों से भेंट कर उनके आंसुओं में छिपा दर्द महसूस किया। इस कठिन घड़ी में उनके साहस को नमन करता हूं।

सीएम धामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वहां फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित निकालने तक राहत और बचाव कार्य जारी रहेगा।



### सेना के जवान बचाव कार्य कर रहे

मुख्यमंत्री धामी ने मीडिया को बताया कि इस आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है। यहां बादल फटा है और भारी बारिश हुई है। सड़क मार्ग पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गया है। 190 लोगों को उसी दिन तत्काल बचा लिया गया था। अभी तक 274 लोगों को बचा लिया गया है।

**हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही**

धामी ने कहा कि हमारी सरकार आपदा क्षेत्रों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। प्रभावित क्षेत्रों में हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। बंद सड़कों को खोलने का कार्य भी निरंतर जारी है।



### कोटा-बूंदी में फंसे लोगों की मदद कर रहा सेना का हेलीकॉप्टर

कोटा। राजस्थान के कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। यह जानकारी सूत्रों ने रविवार को दी। भारी बारिश ने राजस्थान के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

## खबर संक्षेप

### जर्मनी की अर्थव्यवस्था जून तिमाही में 0.3 फीसदी सिकुड़ी

**बर्लिन।** जर्मनी की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई जो पिछले अनुमान से अधिक बुरी स्थिति है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। संघीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि जून में विनिर्माण एवं निर्माण क्षेत्र का उत्पादन कमजोर रहा और घरेलू खर्च में भी कमी आई। इसकी वजह से अर्थव्यवस्था में जनवरी-मार्च तिमाही की तुलना में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

### सेबी विनियमित आईपीओ कारोबारी मंच करेगी शुरू

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी की एक विनियमित आईपीओ-पूर्व कारोबारी मंच शुरू करने की योजना निवेशकों द्वारा गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री के तरीके को नया रूप दे सकती है।
इस कदम से लंबे समय से अपारदर्शी और अधोषित बाजार के प्रभुत्व वाले क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी और खुदरा निवेशकों के लिए जोखिम कम होंगे।

### शेयर बाजार पूंजीकरण में रिलायंस सबसे आगे रही

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,72,148.89 करोड़ रुपये बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा बढ़त के साथ शीर्ष पर रही। बीएसई सेंसेक्स 709.19 अंक या 0.87 प्रतिशत उछला। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 34,280.54 करोड़ रुपये बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ रुपये हो गया।
शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ।

# महिंद्रा ने मात्र 135 सेकंड में 683 किमी रेंज वाली ईवी की सभी यूनिट्स सोल्ड आउट की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिंद्रा ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ग्लोबल कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी लांच कर दी है। शुरुआत में कंपनी ने सिर्फ 300 यूनिट्स बेचने का प्लान बनाया था, लेकिन जबरदस्त डिमांड के चलते अब इसका प्रोडक्शन बढ़ाकर 999 यूनिट्स कर दिया गया है। इस लिमिटेड एडिशन ईवी की एक्स-शोरूम कीमत 27.79 लाख रुपए रखी गई है। महिंद्रा ने अपने फ्रीडम एनयू इवेंट में बीई 6 बैडमै एडिशन लांच करके ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हलचल कर दी है। जैसे ही इस गाड़ी की बुकिंग शुरू हुई, सिर्फ 135 सेकंड में सभी यूनिट्स सोल्ड आउट हो गईं। इसकी डिलीवरी 20 सितंबर, 2025 से शुरू होगी।

- शुरूआत में कंपनी ने 300 यूनिट का प्लान किया था उसे बढ़ाकर 999 यूनिट्स किया गया

## कंपनी ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ मिलकर बीई 6 बैटमैन एडिशन किया लांच

### लग्जरी और थीम बेस्ड इंटीरियर

इस ईवी का इंटीरियर लग्जरी और सिनेमैटिक दोनों का कॉम्बिनेशन है। डैशबोर्ड पर ब्रूशड गोल्ड प्लग के साथ यूनिक नंबर दिया गया है। चारकोल लेदर इंस्ट्रूमेंट पैनल पर गोल्ड हाइलाइट्स इसकी प्रीमियम क्वालिटी को और बढ़ाते हैं। सीटें सुएड और लेदर मिक्स हैं, जिन पर गोल्ड स्टिचिंग और बैट लोगो की डिटेलिंग की गई है। स्टीयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, कंट्रोल कनेक्टर और बूस्ट बटन पर भी बैटमैन का सिग्नेचर लोगो मौजूद है। सबसे खास बात यह है कि कार ऑन करते ही इंफोटेनमेंट स्क्रीन पर बैटमैन थीम वाला वेलकम ऐनिमेशन दिखाई देता है, जो इस ईवी को और भी एक्सक्लूसिव बनाता है।



### दमदार बैटरी और रेंज

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी में 79 केडब्ल्यूएच का पावरफुल बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी का दावा है कि यह फुल चार्ज पर 683 किमी की रेंज दे सकती है। वहीं, रियल वर्ल्ड कंडीशंस में भी यह एसयूवी 500 किमी से ज्यादा आसानी से चल सकती है। लिमिटेड एडिशन होने के कारण इसके डिजाइन और फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं और इसे कलेक्टर्स एडिशन का दर्जा देते हैं।

### शानदार डिजाइन

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन का डिजाइन इसे भीड़ से अलग पहचान देता है। इसकी पूरी बॉडी पर कस्टम सैटिन ब्लैक फिनिश दी गई है, जो प्रीमियम और दमदार लुक देती है। इसके साथ अल्केमी गोल्ड में पेंटेड सस्पेंशन और ब्रेक कैलिपर्स कॉन्ट्रास्ट का काम करते हैं। कार में 20-इंच के अलॉय व्हील्स, फ्रंट डोर पर कस्टम बैटमैन डेकल्स और पीछे की तरफ लगी "बी 6 × द डार्क नाइट" बैजिंग इसे एक यूनिक लुक देती है।

## अमेरिकी केंद्रीय बैंक के सितंबर में ब्याज दर कम करने की संभावना

# सीमित दायरे में रह सकता है सोना, फेड से दर कटौती पर सकारात्मक रुख की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक सीमित दायरे में रह सकती हैं, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) के सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच कुल मिलाकर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।*

विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारी दूसरी तिमाही की जीडीपी और पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) महंगाई दर जैसे अमेरिका के कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के बयानों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन जानकारियों से उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति क्या होगी और सोने के बाजार की दिशा क्या रहेगी।

### सोने में रूझान सकारात्मक

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"सोने की कीमतें भले ही कुछ समय के लिए स्थिर रहें, लेकिन उनका रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है।/" उन्होंने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से सितंबर की बैठक में ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। निवेशक भू-राजनीतिक और व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर भी नजर बनाए रखेंगे।

### रूस-यूक्रेन शांतिवार्ता पर बाजार की नजर

मेर ने कहा, "बाजार रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया और 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीद पर लगाई जाने वाले अतिरिक्त शुल्क के लागू होने पर बारीकी से नजर रखेंगे।"पिछले सप्ताह, सोने ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और 956 रुपये (एक प्रतिशत) की बढ़त के साथ 1,00,391 रुपये तक गया।

- ब्याज दर कम करने से सोने की कीमतें बढ़ने की उम्मीद
- पॉवेल की टिप्पणियों से ब्याज दर में कटौती की संभावना बढ़ी
- निवेशक राजनीतिक व व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर नजर रखेंगे



### वैश्विक बाजार में अनिश्चितता कायम

एंजेल वन के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (शोध, गैर-कृषि उत्पाद और मुद्रा) प्रथमेश माल्या के अनुसार, /"पिछले कुछ हफ्तों में बाजार में ऐसी कोई बड़ी खबर या घटना नहीं हुई थी जो सोने की कीमतों को ऊपर ले जा सके, इसीलिए कीमतों में गिरावट देखने को मिली। लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के हालिया बयान ने निवेशकों को फिर से उम्मीद दी और बाजार में उत्साह बढ़ा दिया। मल्ल्या ने आगे कहा कि वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।

### ब्याज दर कटौती साल के अंत तक टाली जा सकती है

हालांकि पॉवेल ने यह भी कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों का घरेलू कीमतों पर बड़ा असर पड़ता है, तो ब्याज दर में कटौती को साल के अंत तक टाला भी जा सकता है।

### फेड की बैठक 16-17 सितंबर को होगी

यह बढ़त अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा जैक्सन होल संगोष्ठी में मौद्रिक नीति में संभावित बदलाव के संकेत देने के बाद देखी गई, जहां उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक दिसंबर के बाद पहली बार जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आगामी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) बैठक 16-17 सितंबर को होनी है।

### ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन

माल्या ने कहा, "रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर चर्चा हो रही है, लेकिन उसका नतीजा कितना व्यावहारिक होगा, इस पर अभी भी सवाल हैं। वहीं, ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन लगता है।"

# भारत प्रौद्योगिकी, एआई के लिए आकर्षक बाजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए सबसे आकर्षक बाजारों में एक बताया है। उन्होंने भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और वैश्विक वृद्धि को गति देने वाले आर्थिक संबंधों में विश्वास की बात भी की।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष चंडोक ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एआई अब कंपनी के 30 प्रतिशत कोड लिखता है, लेकिन उद्योग में आपूर्ति पक्ष पर एक बड़ा "तकनीकी ऋण" बना हुआ है, जिसके लिए अधिक इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर और अनुप्रयोगों की आवश्यकता है, क्योंकि कंपनी भविष्य के लिए निर्माण पर जोर दे रही है।

तकनीकी ऋण से आशय अधिक मजबूत नजरिये के साथ साफ्टवेयर विकास की जगह जल्दी सफलता पाने वाले रास्ते को अपनाना है। इससे भविष्य की वृद्धि धीमी होने का खतरा रहता है। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वाशिंगटन स्थित इस तकनीकी दिग्गज का 30 प्रतिशत कोड अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई द्वारा लिखा जाता है। चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक बाजारों में से एक बताया।



- माइक्रोसॉफ्ट के भारत प्रमुख चंडोक बोले कंपनियां भारत के प्रति प्रतिबद्ध
- एआई अब कंपनियों के 30 प्रतिशत कोड लिखता है

### युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह

चंडोक ने युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह भी किया और इसे बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने देकर कहा कि ऐसे कौशल केवल सिद्धांत या अवलोकन से नहीं, बल्कि उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग से सीखे जा सकते हैं। चंडोक ने कहा कि उनका मानना है कि एआई नियमित काम को स्वचालित करके संज्ञानात्मक क्षमताओं को कम करने के बजाय बढ़ाता है।

### के. आर. मंगलम ने फ्रेशरमेन ओरिएंटेशन 'आरंभ 2025' को उत्साह के साथ मनाया



**गुरुग्राम।** के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने अगस्त 23, 2025 के ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरंभ' को बड़े जोश, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। विश्वविद्यालय द्वारा 'आरंभः एम्ब्रेसिंग न्यू होराइजन्स' नामक कार्यक्रम का आयोजन नवागंतुकों का स्वागत करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में 12,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ उपस्थिति दर्ज की। आरंभ के मुख्य अतिथि श्री अमन गुप्ता, बोट के सह-संस्थापक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'आप सभी आज से अपनी शिक्षा जीवन का नया आरंभ कर रहें है, जिसके लिए जरूरी है कि आप अपने अंदर उन्नत विचारों और नव निर्माण की सोच का भी आरंभ करें ताकि आपकी शिक्षा यात्रा का आशीर्वाद आपके साथ सभी को मिलें।

# बीएमडब्ल्यू 803 करोड़ रुपए निवेश कर झारखंड में लगाएगी संयंत्र

- कंपनी पांच लाख टन क्षमता की नई कोल्ड रोलिंग इकाई लगा रही
- उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की पेशकश बढ़ाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टील बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हर्ष बंसल ने कहा कि कंपनी झारखंड में 803 करोड़ रुपये के निवेश से पांच लाख टन क्षमता वाली एक नई कोल्ड रोलिंग इकाई लगा रही है। इस कदम का उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की पेशकश बढ़ाना है। बंसल ने बातचीत में कहा कि यह निवेश सरकार की विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत किया जा रहा है। साल 2021 में इस्पात मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य देश में मूल्य-वर्धित स्टील का उत्पादन बढ़ाना और भारतीय इस्पात उद्योग को प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत करना है। यह परिसर बोकारो में स्थापित किया जा रहा है।



***चौथी तिमाही से कमाई की उम्मीद***

*बंसल ने बताया कि इससे कमाई की शुरुआत चौथी तिमाही से होने की उम्मीद है। बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज वर्तमान में टीएमटी सरिया, पाइप और ट्यूब, तथा कोल्ड रोल्ड और गैल्वनाइज्ड उत्पाद बनाती है।*

# शुल्क कार्रवाई से आगे तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आशावाद बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि निवेशकों का ध्यान भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क लगाने की समयसीमा नजदीक आने पर भी है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, वैश्विक रुझानों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार के रुझान तय होंगे। विश्लेषकों ने कहा, "सकारात्मक वैश्विक संकेतों से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अपने भाषण में ब्याज दरों में संभावित कटौती का संकेत दिया है, जिसके बाद अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया और डॉलर सूचकांक कमजोर हुआ। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, "एक अन्य महत्वपूर्ण कारक भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी योजना से संबंधित 27 अगस्त की समय सीमा होगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

# स्टारलिंक को आंकड़े विदेशों में रखने की अनुमति नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने स्टारलिंक के घरेलू कानूनों का पालन करने पर सहमति व्यक्त करने के बाद उसे लाइसेंस दिया है। घरेलू कानून में सुरक्षा शर्तें भी शामिल हैं, जो इसे विदेशों में आंकड़ों की प्रतिलिपि रखने और उसे पढ़ने लायक बनाने तथा विदेश में स्थापित किसी भी सिस्टम पर भारतीय उपयोगकर्ता ट्रैफिक को प्रतिबिंबित करने से रोकती हैं। मंत्री ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सुरक्षा शर्तों के तहत उपग्रह संचार प्रदाताओं को भारत में अर्थ स्टेशन गेटवे स्थापित करना अनिवार्य है।, जिसके माध्यम से उपग्रह से उपयोगकर्ताओं तक संचार भेजा जाता। मंत्री ने कहा, "सुरक्षा शर्तों में अन्य बातों के साथ-साथ उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में अर्थ स्टेशन गेटवे की स्थापना शामिल है, जिसमें भारत से आने वाले या भारत के लिए जाने वाले किसी भी उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भारत के बाहर स्थित किसी भी गेटवे के माध्यम से नहीं भेजा जाएगा।पेम्मासामी ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशंस प्राइवेट लि. को एक एकीकृत लाइसेंस (यूएल) प्रदान किया है। यह लाइसेंस तब दिया गया जब अमेरिकी कंपनी ने एकीकृत लाइसेंस से जुड़े नियमों और शर्तों पर सहमति व्यक्त की। इसमें सुरक्षा शर्तें भी शामिल हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद कुमार**, पुत्र **बाबू लाल** पताः **सी–125, टार फैक्ट्री चौक, भूतल, उत्तम नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 218/2017 U/s 380/457/411 IPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनोद कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 218/2017 U/s 380/457/411 IPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री करणबीर सिंह**
**न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**रूम नं. 26**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/11212/CD/2025 (Court Matter)

## शब्द पहेली - 5968




**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून, रुधिर-2
8.मशरुम, फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य, संयम-2
13.स्फूर्ति, चंचलता-4
15.ओस, निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन, रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना, नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान, मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम, अकठोर-4
10.शराब, सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन, नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5967 का हल**





# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप: सेन और सिंधू के सामने कड़ी चुनौती, सात्विक-चिराग से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।



## प्रणय भिड़ेंगे फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से

विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली है और वे दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रूबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे। मिश्रित युगल में 16वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गाडे का पहला मुकाबला मकाऊ के लियोंग लोक चोंग और वेंग ची एनजी से होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।



## सिंधू का पहला मुकाबला कालोयाना नलबांटोवा से

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : स्नेहा, प्रणवी और हिताशी ने बनाई कट में जगह

**गोटेनबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रही। पहली बार लेडीज़ यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप द्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गईं, जो सात ओवर पार पर गया था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गईं थी। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं।

### डीपी वर्ल्डः संयुक्त 46वें स्थान पर अहलावत



**सुटोन कोल्डफील्ड।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के तीसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 46वें स्थान पर बने हुए हैं। अहलावत (73-71-71) ने तीसरे दौर में चार बर्डी, एक ईगल और पांच बोगी लगाई। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 40वें स्थान पर बने हुए हैं।

### एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच बने गांगुली



**सेंचुरियन।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को 2026 सत्र से पहले एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा। गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे, जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।' यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे। 2018 और 2019 के बीच गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक थे। बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है, जो दिल्ली कैपिटल्स का सह-मालिक है।

## हेड और मार्श ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले विकेट के लिए 250 रन की सबसे बड़ी साझेदारी की

# ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत, द. अफ्रीका को रिकॉर्ड अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| मैके

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 276 रनों से हराया। ये वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के तीसरे वनडे मैच में ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरून ग्रीन ने मिलकर धमाका कर दिया। तीनों बल्लेबाजों ने शतक ठोककर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को हैरान और परेशान कर दिया। पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने शतक जमाया फिर कैमरुन ग्रीन ने केवल 47 गेंद पर शतक ठोककर इतिहास रच दिया। ग्रीन वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने गए। बता दें कि वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक ग्लेन मैक्सवेल ने जमाया था। मैक्सवेल ने केवल 40 गेंद पर शतक लगाने का कमाल किया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने इतिहास रचा दिया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी की।

- कैमरून ने 47 गेंदों में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरा सबसे तेज वनडे शतक बनाया



### साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे ओपनिंग साझेदारी

- 250* ट्रेविस हेड-मिचेल मार्श, मैके, 2025
- 200 विक्रम सोलंकी-मार्कस ट्रेस्कोथिक, द ओवल, 2003
- 193 सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर, जोहान्सबर्ग, 2001
- 193 शिवनारायण चंद्रपॉल-क्रिस गेल, जोहान्सबर्ग, 2004

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च स्कोर

- 434/4 बनाम साउथ अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2006
- 431/2 बनाम साउथ अफ्रीका, मैके, 2025*
- 417/6 बनाम अफगानिस्तान, वाका, 2015
- 399/8 बनाम नीदरलैंड, दिल्ली, 2023

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाकर बड़ा स्कोर बनाया

### कैमरुन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की तूफानी पारी खेली

*बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाए, जिसमें ट्रेविस हेड ने 103 गेंद पर 142 रन की पारी खेली, हेड ने 17 चौके और 5 छक्के लगाकर धमाका किया। वहीं, मिचेल मार्श ने 106 गेंद पर 100 रन की पारी खेली, मार्श ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए, इसके अलावा कैमरुन ग्रीन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की की तूफानी पारी खेली, ग्रीन ने अपनी धमाकेदार पारी में 6 चौकै और 8 छक्के लगाने का कमाल किया। वनडे में ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले साल 2006 में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही 434 रन का स्कोर बनाया था।*

## टेनिस हॉल ऑफ फेम

# शारापोवा और ब्रायन बंधु को मिला नया उपहार



एजेंसी ▶▶| न्यूपोर्ट (अमेरिका)

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट दिया गया, जो हॉल ऑफ फेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

### 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में होगी शामिल सेरेना

इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स उपस्थित थीं। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होंगी। सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।'

### सेरेना ने मुझे प्रेरित किया : मारिया

इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है, जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।' विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# मीराबाई की वापसी, भारोत्तोलकों की नजरें ज्यादा पदक जुटाने पर



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

टोकियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी, जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं, जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें।

### पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं : चानू

चानू ने कहा, 'मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं, जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

### महिला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

ब्रिस्बेन। ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया। एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया।

## एशिया कपः अफगानिस्तान टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा, राशिद संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| काबुल

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक राशिद खान को 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए अफगानिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया। अफगानिस्तान की टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है। कप्तान के अलावा टीम में अन्य स्पिनरों में नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, एएम गजनफर और अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शामिल हैं। पिछले वर्ष अफगानिस्तान टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचा था।

### जजई और अकबरी टीम से बाहर

जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलने वाली टीम से हजरतुल्लाह जजई और जुबैद अकबरी को एशिया कप की टीम में शामिल नहीं किया गया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इशाक



टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में नवीन उल हक, फजलहक फारुकी और फरीद मलिक शामिल हैं। अफगानिस्तान को ग्रुप बी में बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि ग्रुप ए में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई शामिल हैं। राशिद की अगुवाई वाली टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 9 सितंबर को हांगकांग के खिलाफ करेगी।

## सिंकफील्ड कपः गुकेश का सामना फिरोजा और प्रज्ञाननंदा का डूडा से

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर. प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञाननंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।



## क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर, दो साल से टीम से थे बाहर

# धैर्य और एकाग्रता की प्रतिमूर्ति रहे हैं पुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चेतेश्वर पुजारा ना तो विराट कोहली की तरह दिलकश कवर ड्राइव लगाते थे , ना ही रोहित शर्मा की तरह पुल शॉट लगाते थे , उनके पास ऋषभ पंत की तरह सांसे रोक देने वाले गिरते हुए हुक शॉट खेलने की भी क्षमता नहीं थी लेकिन टी 20 क्रिकेट के युग में उन्होंने अपनी बेहतरीन तकनीक, मजबूत मानसिकता और अदम्य धैर्य के साथ टेस्ट क्रिकेट के हर पैमाने पर खुद को साबित किया। भारतीय टीम में सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों के दौर के बाद



कलात्मक बल्लेबाजों के बीच पुजारा 2013-14 से 2023 तक 100 से ज्यादा टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी बने रहे। भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान छक्कों या स्ट्राइक रेट से नहीं , बल्कि क्रीज पर बिताया समय , धैर्य और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमणों का दिलेरी से सामना करने से मापा जाता है।

उस दौर में भारतीय बल्लेबाजी की तुलना अगर किसी भव्य इमारत से करें तो कोहली उसके वास्तुकार थे लेकिन इसकी नींव निश्चित रूप से चेतेश्वर पुजारा थे।

धैर्य के साथ खेले जाने वाले टेस्ट क्रिकेट को पसंद करने वालों के लिए पुजारा उस दौर की याद दिलाते थे जब टी 20 क्रिकेट का कोई अस्तित्व ही नहीं था। पुजारा के पिता अरविंद ने प्रथम श्रेणी के कुछ मैच खेले थे और सीमित संसाधनों के बावजूद चेतेश्वर के लिए उनके सपने बड़े थे।

### पुजारा के धैर्य और जज्बे की सराहना की

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट जगत ने रविवार को खेल के सभी प्रारूप से संन्यास लेने वाले स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ भाव से खेलने के लिए जमकर सराहना की। पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले और 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए।क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में हुई श्रृंखला में उनके प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "पुजारा आपको तीसरे नंबर पर खेलते देखना हमेशा सुकून देने वाला रहा। हर बार आप खेलते हुए संयम, साहस और टेस्ट क्रिकेट के प्रति गहरा लगाव लेकर आए। " तेंदुलकर ने लिखा, "आपकी मजबूत तकनीक और दबाव में संयम टीम के लिए एक स्तंभ रहा है। ऑस्ट्रेलिया में 2018 की श्रृंखला में मिली जीत कई उपलब्धियों में से एक है। आपके अविश्वसनीय लचीलेपन और मैच में जीत दिलाने वाले रनों के बिना यह संभव नहीं होता। "




चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी

### देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान

# गगनयान मिशन की तैयारी तेज, इसरो ने किया पहला सफल एयर ड्रॉप टेस्ट.... सशस्त्र बलों ने भी की मदद

एजेंसी ▶▶ बेंगलूरू

इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की मदद की। इसरो ने एक्स पर लिखा कि गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित डीसेलेशन सिस्टम के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

**खास बातें**


- इसी साल लांच होगा गगनयान
- पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी
- जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा
- गगनयान मिशन के लिए तेजी से काम चल रहा है





**गगनयान और भविष्य की योजनाएं**

*इसरो की आगामी योजनाओं का खाका भी सामने आया। साल के अंत तक गगनयान-1 मिशन लॉन्च होगा, जिसमें मानव-रोबोट 'व्योममित्रा' अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। 2027 में भारत अपनी पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान करेगा। इसके बाद 2028 में चंद्रयान-चार, शुक्र मिशन और 2035 तक "भारत अंतरिक्ष स्टेशन" की स्थापना की योजना है। मंत्री ने कहा कि 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा गया है।*



**यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने की क्षमता**

*हाल ही में इसरो ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा किया था। हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।*

**गगनयान मिशन क्या है?**

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। यान को इसी साल लॉन्च करने की योजना है। पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

### केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने किया स्वागत

# पीएम मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी भारत यात्रा पर

*प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह रविवार को दिल्ली पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उनका स्वागत किया। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी हैं। प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री राबुका के आगमन की जानकारी साझा करते हुए लिखा, फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है।

प्रधानमंत्री राबुका का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने स्वागत किया। यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और फिजी ने जुलाई 2025 में सुवा, फिजी में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के छठे दौर का आयोजन किया था। इस दौरान दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण, व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की और उसे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने किया।

*फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा दोनों देशों के रिश्ते अधिक होंगे मजबूत*

*यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी*



**1879 में हुई थी भारत और फिजी की दोस्ती**

फिजी समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। दोनों देशों के सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत हैं। भारत और फिजी के बीच संबंध 1879 में शुरू हुए जब ब्रिटेन सरकार भारतीय मजदूरों को अनुबंध प्रणाली के तहत फिजी ले गई थी। राबुका की भारत यात्रा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फिजी यात्रा के एक साल बाद हो रही है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री राबुका की यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया, यह यात्रा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और गहरा करने की दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

**आज पीएम मोदी से होगी मुलाकात**

अपनी भारत यात्रा के दौरान फिजी के प्रधानमंत्री आज सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से फिजी के पीएम के लिए लंच का आयोजन होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अगस्त 2024 में फिजी का दौरा किया था।भारतीय विदेश मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### पुतिन और जेलेंस्की आएंगे भारत

# ट्रंप के बस की बात नहीं, पीएम मोदी रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई ग्लोबल लीडर कहता है तो कोई उनकी सराहना करने से नहीं थकता है। जिस काम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं कर पाए उसे पीएम मोदी पूरा करने जा रहे हैं। वो है रूस-यूक्रेन के बीच शांति बहाल कराना। ट्रंप का मानना है कि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है इसके कारण यह युद्ध अनवरत जारी है।

इन तमाम आरोप प्रत्यारोपों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की खबरें सामने आई। वहीं, अब भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत यात्रा की बात कही है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को देखते हुए यूक्रेन भारत को संभावित शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है। जेलेंस्की की भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने वाले पर राजदूत ने कहा, दोनों देश यात्रा की



तारीख और वार्ता के विषय को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा। राजदूत ने बातचीत में आगे कहा, हम यूक्रेन में शांति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं। मेरा मानना है कि हमारी सभी बैठकें इस बात पर चर्चा का हिस्सा होंगी कि भारत सीधे या परोक्ष रूप से रूस के साथ राजनीतिक बातचीत में कैसे शामिल हो सकता है। विशेष रूप से रूस और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी उम्मीद है।यूक्रेनी राजदूत ने एक लेख में भारत-यूक्रेन संबंधों के बारे में चर्चा की है। उन्होंने लिखा, यूक्रेन के तीन राष्ट्रपतियों ने भारत का आधिकारिक दौरा किया।

**एक संयुक्त रोडमैप पर हस्ताक्षर की संभावना**

*दोनों देशों के विदेश मंत्रालय और राजनयिक मिशन इस साझा उद्देश्य को लागू करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत की आगामी यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी के लिए एक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। 23 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोला। इसने रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों लोकतंत्रों के नेताओं की आकांक्षा की पुष्टि की।*

**दोनों देशों के बीच नियमित हुई टेलीफोनिक वार्ता**

जबकि भारत के दो राष्ट्रपतियों ने यूक्रेन का दौरा किया। 2021 तक यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले द्विपक्षीय व्यापार लगभग 3.4 अरब तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा, एक लंबे विराम के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के बीच पहली बैठक नवंबर 2021 में ग्लासगो में जलवायु शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। मई 2023 से ऐसी बैठकें और टेलीफोन वार्ता नियमित हो गई हैं।

**खबर संक्षेप**

### एआई से महिला की खोई हुई आवाज आई वापस!

**नई दिल्ली।** एआई की मदद से एक महिला सालों बाद अपनी आवाज में बोल पा रही हैं। ब्रिटिश आर्टिस्ट सारा एज़ेकील मोटर न्यूरॉन रोग से पीड़ित हैं, जिसकी वजह से उनकी बोलने की क्षमता चली गई थी। एआई और एक पुराने होम वीडियो के बमुश्किल सुनाई देने वाले सिर्फ 8 सेकेंड के क्लिप की बदौलत एक बार फिर अपनी आवाज़ में बात कर पा रही हैं।

### पाकिस्तान के मददगारों को भारतीय सिखा रहे सबक

**अंकारा।** पाकिस्तान के मददगारों तुर्की और अजरबैजान पर भारतीय पर्यटकों ने सर्किकल स्ट्राइक किए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में अजरबैजान जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में करीब 66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट सीधे-सीधे ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अजरबैजान की तरफ से पाकिस्तान को खुलेआम समर्थन देने के बाद आई है।

### कई दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य शहर से टूट गया

# कठुआ में भारी बारिश से उफान पर आई नदी, लखनपुर का पुल-लिंक रोड टूटा



एजेंसी ▶▶ जम्मू

देशभर के कई हिस्सों में मानसून का कहर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते नदी-नाले उफान पर हैं। शनिवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर कठुआ जिले के लखनपुर क्षेत्र में तबाही मचा दी। बारिश इतनी तेज थी कि शहर की मुख्य सड़कें, ग्रामीण लिंक मार्ग और गलियां पूरी तरह पानी से डूब गई हैं।

**अस्थाई पुल भी ढह गया**

*लखनपुर वार्ड नंबर 4 को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बारिश के पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे क्षेत्र पूरी तरह से अलग-थलग हो गया है। खेल मैदान के नजदीक जो लिंक रोड दर्जनों गांवों को जोड़ता था, वह भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार, खेल मैदान के पास बना एक अस्थायी पुल भी बारिश की वजह से ढह गया। जिससे वहां वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही तेज बारिश ने कई जिलों में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।*

# चीन से मुकाबले के लिए अमेरिका को भारत की पड़ेगी बड़ी जरूरत



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत को एक ऐसा मित्र बताया, जिसकी चीन से मुकाबला करने के लिए अमेरिका को जरूरत है। साथ ही हेली ने भारत से रूसी तेल के संबंध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेने को कहा। हेली ने कहा है कि भारत को रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए और व्हाइट हाउस के साथ मिलकर जल्द समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जितना जल्दी होगा, उतना बेहतर होगा।अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में निक्की हेली ने लिखा, दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के बीच दशकों से चली आ रही दोस्ती और भरोसा मौजूदा मतभेदों से आगे बढ़ने की मजबूत नींव है।

### गगनयान मिशन पर जाने वालों को किया सम्मानित

शुभांशु ने अंतरिक्ष में किया हनुमान चालीसा का पाठ

# शुभांशु शुक्ला के लिए बोले राजनाथ सिंह: हनुमानजी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर धरा पर लौटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप



कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है। सभी देशवासियों को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा योगदान केवल अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने तक ही सीमित नहीं है।

**चंद्रमा से लेकर मंगल तक भारत की उपस्थिति**

**शुभांशु शुक्ला बजरंग बली के भक्त**

राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला के बारे में आगे कहा कि मुझे यह भी बताया गया कि आप (शुभांशु शुक्ला) भी बजरंग बली के भक्त हैं। और आपने वहां (अंतरिक्ष में) कई बार हनुमान चालीसा पढ़ी होगी। आज हनुमान जी का एक भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है और हम सबके बीच मौजूद है। मेरा मानना है कि यह सिर्फ विज्ञान की जीत नहीं है।

**यह आत्मनिर्भर भारत का एक अध्याय**

आज भारत चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मैं इसे केवल एक तकनीकी उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के एक नए अध्याय के रूप में देखता हूं, जहां हम दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष शक्तियों के बीच पूरे गौरव के साथ खड़े हैं। हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं रह गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109